The House reassembled after lunch at two of the clock,

MR. CHAIRMAN *in the Chair*

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS

MR. CHAIRMAN: Motion of Thanks on the President's Address. Shri Ravi Shankar Prasad.

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE; AND THE MINISTER OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): Sir, I move that an Address be presented to the President in the following terms:–

"That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on January 31, 2017."

सर, यह मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है कि माननीय राष्ट्रपति जी के दोनों सदनों के अभिभाषण पर मुझे इस सदन में अपने विचार रखने का अवसर मिला है। सर, महामहिम राष्ट्रपति जी भारतीय संसद की परम्परा के मर्मज्ञ हैं और उनको भारतीय राजनीति का अनुभव भी है। अपनी इस लम्बी यात्रा में उन्होंने भारत के विकास की यात्रा को भी देखा है। आज बजट सत्र के उद्घाटन के अवसर पर, देश के संवैधानिक प्रमुख के रूप में उन्होंने जो अपने उद्गार प्रकट किए हैं, वे देश के बदलाव का संकेत हैं।

माननीय सभापति जी, माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में दो महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया है। एक, महान सिख संत, गुरुगोबिंद सिंह जी के 350 वर्ष पूरे हुए हैं, जिसे हम लोगों ने अभी 'प्रकाश उत्सव' के रूप में मनाया। स्वयं प्रधान मंत्री जी इस कार्यक्रम के लिए पटना गए थे। दूसरा, देश के महान संत, रामानुजाचार्य जी के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके साथ ही चम्पारण सत्याग्रह, जहां गांधी जी ने सत्याग्रह के आंदोलन को पहली बार मूर्त रूप दिया था, उसके 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म स्थल पटना, बिहार है, जो मेरी जन्मभूमि भी है और कर्मभूमि भी है। चम्पारण भी बिहार में ही है, इसलिए यह मेरे लिए भावनात्मक लगाव का विषय है। साथ ही विचारक और हम सभी के प्रखर नेता, दीनदयाल उपाध्याय जी के भी 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिन्होने 'अंत्योदय' की कल्पना दी थी और जिसके आधार पर सरकार गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रही है। माननीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में एक और महत्वपूर्ण बात जनशक्ति से विकास की यात्रा, the road to development through peoples' involvement के बारे में कही है। जन-शक्ति ही राष्ट्र-शक्ति है, peoples' power, nation's power. If that involvement comes about, the development becomes extraordinary and dedicated.

[Shri Ravi Shankar Prasad]

माननीय सभापति जी, प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में यह सरकार बदलाव की सरकार है और इस बदलाव में, उनकी अगुवाई में हमारे दो सिद्धान्त हैं "सब का साथ, सब का विकास" एवं "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" और इस बड़ी परिकल्पना में, जिसमें सबको लेकर चलना है, इसमें जनता किस प्रकार से सहभागी बने, इस बारे में मैं आपके सामने कुछ उदाहरण रखना चाहूंगा कि यह देश कैसे बदलता है।

महोदय, मैं सदन के अपने उद्‌बोधन में एक वाक्य कहना चाहूंगा - देश जागता है, जगाने वाला होना चाहिए और अगर जगाने वाला महत्वपूर्ण नेता बनता है, तो देश कैसे जागता है, वह मैं बताना चाहता हूं। दिनांक 27 सितम्बर, 2014 को यूएन को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि Yoga is an invaluable gift of India's ancient tradition. It embodies unity of mind and body. By changing our life style and creating consciousness, it can help in well being, और बाद में अपील की थी कि let us work towards adopting an International Yoga Day. आपने स्वयं भी देखा होगा दिनांक 21 जून, 2015 को पहला 'इंटरनेशनल योगा डे' मनाया गया था। स्वयं प्रधान मंत्री जी दिल्ली के राजपथ पर हजारों लोगों के साथ योग कर रहे थे। हम सभी लोग कर रहे थे। देश की जनता आई। पहले साल 84 देशों में और दूसरे साल 173 देशों में योगा डे मनाया गया और बाद में 171 कंट्रीज ने, आप तो स्वयं यूएन की कार्यवाही से परिचित रहे है, इतनी बड़ी संख्या में योगा डे को पूरी दुनिया ने एक प्रकार से आशीर्वाद दिया और Wall Street Journal ने कहा कि Yoga takes over the world. इसलिए यदि जनशक्ति की शक्ति लगती है, तो एक योजना किस तरह से सर्वव्यापी बनती है, योगा डे की सफलता उसका बहुत बड़ा उदाहरण है, जिसकी अगुआई में माननीय प्रधान मंत्री जी ने जनशक्ति का उपयोग किया।

महोदय, "स्वच्छ भारत अभियान", देश को साफ होना चाहिए, स्वयं महात्मा गांधी जी की एक बहुत बड़ी कहावत है और उन्होंने इसे माना भी था, लेकिन अगर देश को जगाना है, तो बोलने से काम नहीं चलेगा। वह हम सभी के लिए बहुत भावुक क्षण था जब स्वयं प्रधान मंत्री जी झाड़ू लेकर दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने के लिए उतरे। "स्वच्छ भारत अभियान" की माननीय राष्ट्रपति जी ने बहुत विस्तार से चर्चा की है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सभी लोग फील्ड में थे और लोग, महिलाएं और बच्चे अपने आप सड़कों पर निकल रहे थे।

सभापति जी, MyGov हमारा एक कार्यक्रम चलता है, जिसमें देश के 40 लाख लोग डिजिटली इन्वॉल्व होते हैं। हमने उनसे कहा था कि आप "स्वच्छ भारत अभियान" का लोगो बनाओ, क्राउड सोर्सिंग और उन्होंने गांधी जी का चश्मा बनाकर दिया गांधी जी का विचार, उनका चश्मा, स्वच्छ भारत का अभियान-यह है जनशक्ति के माध्यम से भारत का बदलाव।

माननीय सभापति जी, शौचालय बनने चाहिए। अब मात्र ढाई वर्षों में 1,04,000 गांव, 450 शहर, 77 जिले और तीन राज्यों ने डिक्लेयर किया कि हम ओपन डेफिकेशन फ्री हैं। अब यह कितनी बड़ी बात है। लगभग तीन करोड़ शौचालय बने हैं और जब जनान्दोलन बनता है, तो मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं कि एक सरकारी कार्यक्रम में मैं इंदौर गया था। मैं आपके माध्यम से यह बात सदन को बताना चाहता हूं। वहां एक गांव मुराद है। वहां की सरपंच ने अपने पूरे गांव को ओपन

डेफिकेशनफ्रीकियाहै,यानीखुलेमेंशौचसेमुक्त।उसकाबहुतआग्रहथाकिमैंउसकेगांवमेंजाऊं।
मैं वहां गया और वहां उन्होंने किस तरह से यूनीक कार्यक्रम किया कि उसने बच्चों की एक वानर सेना बनाई थी, जिसके सदस्य सुबह चार बजे से गांव में घूमते थे और कोई खुले में शौच करता था, तो उसे रोकते थे और कहते थे कि अपने घर में शौचालय बनाओ क्योंकि मोदी सरकार शौचालय के लिए प्रेरणा दे रही है। यह जो पूरा आन्दोलन बना है, तो आज लगभग तीन करोड़ शौचालय इस देश में बने हैं।माननीयसभापतिजी,इसबारकेइकोनॉमिकसर्वेनेस्वयंइसबातकाजिक्रकियाहैकिशौचालय
नहीं बनने से प्राइवेसी में परेशानी होती है, महिलाओं को रोग होता है, इसलिए इसको बहुत ही आगे बढ़ाना जरूरी है।

सर, जनान्दोलन से जुड़ा दूसरा कार्यक्रम देखिए: 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'। अब इसकी बात तो हम सभी करते थे। मुझे याद है कि करनाल के एक कार्यक्रम में प्रधान मंत्री जी ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। वहाँ मैं भी गया था और उसमें हमारे कई मंत्री भी उपस्थित थे। माननीय सभापति जी, प्रधान मंत्री जी ने अपने भाषण में एक बात कही थी: "अगर बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?" अब इसके पीछे इतनी बड़ी सोच थी कि जो हरियाणा में सेक्स रेश्यो का एक बहुत imbalance रहा है, आज देखिए कि एक-डेढ़ साल के अन्दर वह imbalance बराबर हो गया। तो प्रधान मंत्री जी यह संकल्प के साथ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' को लीड करते हैं।

एक योजना 'सुकन्या समृद्धि योजना' है। मैं उस विभाग को पहले हैंडल करता था। अभी तक 94 लाख सुकन्या समृद्धि अकाउंट्स खुल चुके हैं, जिनमें 7,600 करोड़ रुपये बेटियों की सुरक्षा के लिए जमा हुए हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने भी कल अपने बजट भाषण में इस पूरे आन्दोलन की बहुत तारीफ की थी, जो पोस्टल डिपार्टमेंट का है।

माननीय सभापति जी, एक बात देखिए कि अगर यह आन्दोलन बनता है, तो उसके क्या संकेत जाते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा जी 26 जनवरी, 2015 को आए थे। 26 जनवरी की परेड चलती है, लेकिन प्रधान मंत्री जी का यह विचार हुआ कि 26 जनवरी की परेड में हमारी महिला सेना की पूरी टुकड़ी एक कैप्टन की अगुआई में लीड करेगी। उससे एक मैसेज जाता है। जब ओबामा जी राष्ट्रपति भवन आए थे, तो उनकी अगवानी करने के लिए हमारे एयर फोर्स की एक महिला स्क्वाड्रन लीडर खड़ी थी। इससे यह संकेत जाता है कि जब यह एक आन्दोलन बनता है, तो आप देखिए कि खेल में भी, इस बार के ओलम्पिक में, चाहे वह पी.वी. सिंधु हों या साक्षी मलिक हों या दीपा करमाकर हों अथवा हमारी बाकी sportswomen हों, इस सबों ने कितना बड़ा नाम किया। पैरालिम्पिक्स में दीपा मलिक ने नाम किया। तो आज 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जनशक्ति के माध्यम से देश का एक बहुत बड़ा आन्दोलन बन गया है। यह एक बहुत बड़े बदलाव की बात है, यह मैं आपको बताना चाहता हूँ।

माननीय सभापति जी, आज मुझे सदन से एक और भी बहुत ही महत्वपूर्ण बात शेयर करनी है। 'पद्म अवार्ड्स' तो सबको मिलते हैं, मिलने भी चाहिए। "भारत रत्न" भी मिलने चाहिए, 'पद्म भूषण' और 'पद्मश्री' भी मिलने चाहिए। इस बार के 'पद्म अवार्ड्स' में एक बहुत बड़ा बदलाव क्या हुआ है? हमें इस बात का बहुत गर्व है कि हमारी सरकार ने आम आदमी को खोजा है। जिनकी पैरवी करने वाला कोई नहीं होता था, उनको 'पद्मश्री' दिया है। मैं आपके सामने यह भी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' -- ऐसे

[Shri Ravi Shankar Prasad]

साधारण भारतीय, जो देश को बदलने का काम कर रहे हैं, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार उनको पहचानेगी। भले ही उनके लिए कोई प्रशस्तिगान करने वाला नहीं हो, भले ही उनके लिए कोई एमपी रिकमेंड करने वाला नहीं हो, भले ही उनके लिए कोई सरकार अनुशंसा करने वाली नहीं हो, but the Government of Narendra Modiji will recognize their work and award them with the Padma Award. That is what has happened this year. Sir.

सर, मैं आपको कुछ उदाहरण देना चाहता हूँ। श्री करीमुल हक़ 52 वर्ष के हैं। वे दलबाड़ी गाँव, जलपाईगुड़ी, पश्चिमी बंगाल के हैं। इनके पास एक मोटरसाइकिल है। हर हफ्ते ये 20 गाँवों में से बीमार लोगों को ट्रांस्पोर्ट करके डिस्ट्रिक्ट अस्पताल पहुँचाते हैं। अब तक इन्होंने 3,000 लोगों की जिन्दगी बचाई है, जो परेशान थे, दुखी थे, बीमार थे, उनको 'पद्मश्री अवार्ड' दिया जा रहा है, चाय बागान में काम करने वाले एक गरीब मजदूर को यह अवार्ड दिया जा रहा है।

My friends from Kerala would like to know about Meenakshi Amma. She is 76 year-old from Kerala. What is her contribution? Right from the age of 16, she is teaching Kalaripayattu, the famous Kerala sport. For 68 years she is doing that job. Our Prime Minister has given Padma Shri to this great achiever of Kerala. *...(Interruptions)...* All right, whatever my friends from Kerala say, I accept it; no problem.

Daripalli Ramaiah, my friend from Telangana, is 68 years. He has dedicated his life for making India green and planted one crore trees. He has been given Padma Shri by this Government. सभापति महोदय, इंदौर की 91 साल की डॉ. भक्ति यादव, जो कि Gynaecologist हैं, वे पिछले 68 साल से गरीबों को मुफ्त सेवा दे रही हैं। उन्होंने कुछ नहीं मांगा, लेकिन प्रधान मंत्री जी ने खोजा, इनको 'पद्मश्री' दिया जायेगा और इस बार इनको यह अवार्ड दिया गया है। ऐसे कई उदाहरण हैं। One Bipin Ganatra from Kolkata, my friend from Bengal would love to know, वे 59 साल के हैं, fire incident में उनके भाई की मौत हो गयी थी। उनके जीवन का एक मात्र लक्ष्य है कि जो लोग आग में फंसते हैं, उनको बचाएं। उनको 'पद्मश्री' अवार्ड दिया गया है।

Sir, I would like to share with this House that it is a metamorphosis of India happening now. The common people are being recognized. The contribution, quality, accomplishment of common people is being celebrated and it is now being talked about. They are given the highest honour. This is the Government, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'सबका साथ, सबका विकास'।

सर, आज 'पद्मश्री' अवार्ड की बात चलती है, तो एक बात कहने की इच्छा होती है। मैंने एक बार हल्के से इसका संकेत दिया था, आज थोड़ा विस्तार से बोलने की इच्छा है। आज़ादी के बाद हमारा देश 70 साल का परिपक्व देश हो गया है। इस देश को बनाने में बहुत लोगों ने काम किया। उनकी विचारधारा कुछ भी हो सकती है, उनकी सोच कुछ भी हो सकती है, लेकिन हमारा काम है कि हम ईमानदारी से उनके त्याग, बलिदान और उपलब्धियों को जानें और उन्हें आदर दें।

सभापति जी, डॉ. अम्बेडकर बहुत बड़े नेता थे, उन्होंने देश को बदलने का बहुत बड़ा काम किया। वे 1956 में मरे, उनको 'भारत रत्न' 1990 में मिला और 1990 में किसकी सरकार थी? शरद जी बैठे हुए हैं, वी.पी. सिंह जी की सरकार थी, जिसके बायें आप खड़े थे,दाएं हम भी खड़े थे और सीताराम जी कहां हैं, वे भी पीछे खड़े थे, तब उनको 'भारत रत्न' देने के लिए स्वीकार किया गया। भारत के महान नेता, जोड़ने वाले नेता, सरदार पटेल 1950 में मरे थे, उनको 'भारत रत्न' 1991 में मिला। 41 साल के बाद उनको 'भारत रत्न' मिला, बीच में बहुत लोगों को मिला, नेहरू जी को मिला, राजेन्द्र बाबू को मिला, राधाकृष्णन को मिला, ज़ाकिर हुसैन को मिला, वी.वी. गिरी को मिला, राजीव गांधी को मिला, इंदिरा गांधी को मिला, अच्छी बात है, लेकिन वे कौन-सी ताकतें थीं, जो सरदार पटेल को 'भारत रत्न' मिलने से रोक रही थीं? मौलाना आजाद 1958 में मरे, मैं जितना उनको पढ़ता हूँ, सभापति जी, वे सही में देश के बहुत बड़े जननायक थे। उनको 'भारत रत्न' 1992 में मिलता है। 1991 से भारत के प्रधान मंत्री कौन थे, यह मुझे बताने की जरूरत नहीं है। यह पीड़ा होती है कि वे कौन-सी ताकत थीं, वह कौन-सी सोच थी, जो रोकने काम काम कर रही थी? कभी न कभी इस पर विचार करना पड़ेगा। लोकनायक जयप्रकाश नारायण 1979 में मरे, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 1998 में उनको 'भारत रत्न' दिया और शायद हमारे कांग्रेस के मित्र माफ करेंगे, अगर 1991 में भी परिवार के लोग होते, तो सरदार पटेल और मौलाना आज़ाद को भी 'भारत रत्न' नरेन्द्र मोदी और वाजपेयी जी की सरकार को देना पड़ता, यह भी हम बड़े विश्वास से कहना चाहते हैं। हमें हृदय बड़ा करना पड़ेगा। We need to become more generous in recognizing the work and accomplishment of the leaders who have made India what it is today.

सर, हम एक बात और कहना चाहेंगे। हमारी, मोदी जी की सरकार की कुछ बड़ी मौलिक सोच है देश को बदलने की, गरीबों के लिए, क्योंकि खास करके दीन दयाल उपाध्याय जी के सौ वर्ष पूरे हुए हैं, हम इसे 'गरीब कल्याण वर्ष' के रूप में मना रहे हैं, लेकिन हम एक बात कहना चाहेंगे कि जब 2014 में हमारी सरकार आई थी, तब इसी संसद के सेन्ट्रल हॉल में बोलते हुए प्रधान मंत्री जी ने एक बहुत बड़ा भाषण दिया था, उस समय वे बीजेपी के पार्लियामेंटरी पार्टी और एनडीए के नेता बने थे। हमारी सरकार गरीबों के लिए जिएगी, गरीबों के लिए काम करेगी और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'सबका साथ, सबका विकास' रखते हुए भी हमारे सिद्धांत के और मौलिक उप-सिद्धांत हैं और वे हैं, banking the unbanked, number one; funding the unfunded, number two; securing the unsecured, number three; pensioning the unpensioned, number four. ये हमार चार सिद्धांत हैं। ऐसे लोग, जो बैंक में नहीं आए, उनको बैंक में लाओ, उनको गरीबी से ऊपर उठाना है। ऐसे लोग, जो बैंक में नहीं आए, उनको बैंक में लाओ, उनको गरीबी से ऊपर उठाना है। ऐसे लोग, जिनको आज तक बैंक से लोन नहीं मिलता था, फंडिंग नहीं होती थी, उनको फंड में लाओ। ऐसे लोग, जिनको सुरक्षा नहीं मिलती थी, उनको सुरक्षा में लाओ। सभापति जी, सदन में मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है, क्योंकि उस काम में हम भी लगे हुए थे, जब बैंक कर्मचारियों से प्रधान मंत्री जी ने आह्वान किया कि आप देश के लिए जागो और उन लोगों ने एक साल के अंदर 27 करोड़ लोगों के जनधन एकाउंट्स खोल दिए, जो आज तक बैंक से बाहर थे और उनसे कोई अपेक्षा नहीं की गई कि आप पैसा जमा करो, लेकिन उन गरीबों ने 10 रुपए, 20 या 50 रुपए करके more than 45,000 करोड़ रुपए जनधन एकाउंट्स में जमा कराए।

[Shri Ravi Shankar Prasad]

सर, आज मैं आपको बताना चाहता हूं, जैसा मैंने कहा, 'सीक्योरिंग द अनसिक्योर्ड', आप बताएं कि सिर्फ एक रुपया प्रति महीना देकर दो लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर मिल जाए, और 330 रुपए प्रति साल देकर, जो एक रुपए से भी कम प्रतिदिन बनता है, दो लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर मिल जाए, अभी तक 13 करोड़ लोगों को हमने यह इंश्योरेंस कवर दिया है, जो गरीब हैं, आम आदमी हैं और यह काम चल रहा है। सबसे बड़ा काम तो 'फंडिंग ऑफ अनफंडेड' के अंतर्गत हुआ है।

मुद्रा लोन योजना की बात, सभापति जी, आपने सुनी होगी। अभी तक हमने दो लाख करोड़ रुपए मुद्रा लोन योजना में 5.6 करोड़ ऐसे लोगों को दिए, जो पान वाले, चाय वाले, ठेले वाले, रेहड़ी वाले हैं, जो छोटा-छोटा काम करते हैं। इसमें आपको यह जानकर बहुत खुशी होगी कि मुद्रा लोन योजना में लगभग दो-तिहाई लोग शैड्यूल्ड कास्ट्स के भी हैं, शैड्यूल्ड ट्राइब्स के भी हैं। इस बार के बजट में, माननीय वित्त मंत्री जी से मैं बहुत आदर से बोलना चाहूंगा कि आपने बहुत अच्छा काम किया है, इस पूरी राशि को डबल कर दिया है, दो लाख 44 हजार करोड़ रुपए मुद्रा लोन योजना में कर दिए हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सुखेन्दु शेखर राय (पश्चिमी बंगाल): बजट में प्रावधन किया है ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसादः एक लाइन तो मुझे बोल सकते हैं - There is no *res judicata* or prohibition. 'पेंशनिंग अनपेंशन्ड' आदि सारी बातें आदरणीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में की हैं। उसमें हम लोगों ने अब तक बड़ी संख्या में लोगों को राहत देने का काम किया है।

यहां मैं किसानों की बात करूं, उससे पहले दिव्यांगों की बात करना चाहता हूं। अपनी सरकार में, जिसकी चर्चा राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में की है, दिव्यांगों के लिए जो काम हुआ है, सबसे पहले तो हमने इस योजना का नाम बदला है। पहले उसका नाम विकलांग था, जिसे बदलकर हमने दिव्यांग किया है। सर, यह विकलांग से दिव्यांग की यात्रा बहुत सोच की यात्रा है। विकलांग से कमजोरी समझ में आती है, दिव्यांग से आशा जगती है। *Divyang* represents hope. Handicap remains handicap. That is the basic, fundamental difference. इसमें हमने उनके रिजर्वेशन को तीन से बढ़ाकर चार परसेंट किया है। लगभग 6 लाख दिव्यांगों को हमने 47,00 special assistance camps लगाकर राहत दी है। इसके अलावा, माननीय थावर चन्द गहलोत जी की अगुवाई में, इस विभाग में काफी दूसरे काम चल रहे हैं। सबसे बड़ी बात इस बार पैरालिम्पिक्स में हुई, इस बार blind cricket में हमारी team first आई और दीपा मलिक ने पैरालिम्पिक्स में बड़ा एवार्ड जीता।

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH (Tamil Nadu): Even Mariappan.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: My friends from Tamil Nadu are always great. ...*(Interruptions)*... I am grateful. I take the name with a great degree of pride and assurance.

सर, जहां हम किसानों की बात करते हैं, किसानों के लिए कल माननीय वित्त मंत्री जी ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए की घोषणा की है, जिसकी चर्चा हम आगे विस्तार से करेंगे।

फिर भी, फसल बीमा योजना के बारे में मैं सिर्फ एक ही बात कहूंगा कि अभी तक एक लाख चार हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं, जिससे 3 लाख 66 हजार फार्मर्स को पिछले साल फायदा हुआ है, लोग योजना का फायदा ले रहे हैं। इस बार इसे और आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा, soil health card, इरिगेशन के नाम पर, 40 हजार करोड़ रुपया नाबार्ड के पास गया है, 5,000 करोड़ रुपए स्माल फार्मर्स के लिए और नीम कोटेड यूरिया इत्यादि की बात तो हम काफी सुनते हैं। इस मामले में हम अपनी सोच के बारे में दो बातें और कहेंगे कि हम किस तरह से काम कर रहे हैं, यह समझना बहुत जरूरी है। आप देखें कि जितने लोगों के पास गैस नहीं है, उन गरीबों को गैस मिलनी चाहिए। एक भाषण रहा है कि फूँककर चूल्हा जलाना, आँख खराब होना और एक चूल्हा जलाने में लगभग 400 सिगरेट्स का धुआँ consume करना। अब क्या सोच बनी? गरीबों को हमें गैस का चूल्हा देना है और उसके लिए एक और पहल हुई। वह पहल यह थी कि जो लोग अपनी सब्सिडी छोड़ सकते हैं, वे छोड़ें, जो afford कर सकते हैं, वे afford करें। माननीय सभापति जी, प्रधान मंत्री जी ने अपील की और 1.5 करोड़ लोगों ने अपनी सब्सिडी अपने आप छोड़ दी। यह देश में एक नई चीज़ देखी गई। मैं फिर इस पर आता हूँ। देश जागता है, जगाने वाला होना चाहिए। इस उदाहरण को देखकर मुझे लाल बहादुर शास्त्री जी की याद आ गई। हम लोग तब बहुत छोटे बच्चे थे, जब सन् 1965 का युद्ध हुआ था। जब पाकिस्तान के साथ हो रही लड़ाई के कारण अमेरिका में बैठी ताकतें अमेरिका के पीएल-480 गेहूँ को यहाँ आने से रोक रही थीं, तब लाल बहादुर शास्त्री जी ने इस देश से यह अपील की थी कि हिन्दुस्तान के लोगों, सोमवार के दिन रात्रि का भोजन छोड़ दो और देश ने सोमवार को रात का भोजन छोड़ा था, ताकि देश में अनाज की व्यवस्था हो। उसके बाद से यह पहली घटना हुई। आज हमें लगभग 5 करोड़ लोगों को गैस का चूल्हा फ्री देना है। लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को यह दिया गया है और इसको और भी आगे बढ़ाना है।

माननीय सभापति जी, यह जो "दीनदयाल ज्योति योजना" है, इसमें प्रधान मंत्री जी का क्या निर्देश हुआ? भारत की आज़ादी के 68 साल बाद भी 18,000 गाँव बिना बिजली के हैं! यह नहीं होना चाहिए। आज 11,000 से अधिक गाँव बिजलीयुक्त हो चुके हैं और इस साल के अंत तक पूरे 18,000 गाँवों में बिजली पहुंच जाएगी, यह एक बदलाव का लक्षण है और जनता के सहयोग से यह हो पाता है।

सर, हमें भारत के संस्कारों पर बहुत विश्वास है, भारत की संस्कृति पर भी बहुत विश्वास है, उससे हम गर्व लेते हैं। हम अतीत से सीखते हैं, वर्तमान में जीते हैं और भविष्य को मजबूत बनाते हैं, लेकिन हमारी सरकार के आने के पहले हमारी एक राजनीतिक विरासत भी थी। हमारे मित्र हमें ज़रा क्षमा करेंगे। उस समय देश की क्या स्थिति थी, आर्थिक व्यवस्था क्या थी, कैसा policy paralysis था, महँगाई कितनी थी, देश में कितना भ्रष्टाचार था? ...**(व्यवधान)**... आप तो भारत की संस्कृति को बहुत जानते हैं, आपके समय यह 8 से 10 परसेंट था। आप चिन्ता मत करिए, यह आँकड़े की बात है, यह देश जानता है। दिसम्बर में यह कितना कम हो गया है, कल माननीय वित्त मंत्री जी ने सदन को बताया है कि यह 3 परसेंट हो गया है। आप तो भारत की संस्कृति को बहुत जानते हैं। पंचतत्व से पृथ्वी बनती है, जिसमें आकाश भी है, वायु भी है, जल भी है, अग्नि भी है और जमीन भी है। यह बात तो हमने सुनी है, यह अच्छा है, लेकिन पृथ्वी के हर तत्व में कहीं न कहीं भ्रष्टाचार देखा गया। अंतरिक्ष में भी देखा गया– Antrix Devas; वायु में भी देखा गया – airwaves spectrum; आकाश में भी देखा गया –

[Shri Ravi Shankar Prasad]

helicopter scam; जमीन पर भी देखा गया – आदर्श और कॉमनवेल्थ स्कैम्स; पाताल में भी देखा गया – कोयला स्कैम; और समुन्दर में भी देखा गया – submarine scam. तो यह पंचतत्व की नई व्याख्या हमें समझ में आई। आजकल जमाना innovation का है और innovation में नई-नई बातें आती हैं। उस समय innovation में क्या बात की जा रही थी, zero loss theory! कोयला स्कैम पर आपकी तरफ के एक बहुत विद्वान मित्र ने कहा, "Since the coal is embedded to the land, there is a scam." ये बातें हम सुनते थे, उस समय हम विपक्ष में थे। मुझे आज इस बात का बहुत मान और गौरव है कि अतीत की सरकार के विपरीत नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में भ्रष्टाचार बंद है और ईमानदारी से फैसले होते हैं। जहाँ कोयला घोटाला होता था, वहाँ हमने ईमानदारी से नीलामी की। जहाँ घोटाला हुआ था, वहाँ 3 लाख करोड़ रुपये आए और वह पैसा केन्द्र और उन प्रदेशों को जा रहा है, जहाँ कोयले की खदानें हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखर (उत्तर प्रदेश): अभी आया नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आएगा या आ गया है? ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: अच्छा, ठीक है। अब मुझे बोलने दीजिए। स्पेक्ट्रम में पहली बार ऑक्शन हुआ। जहाँ घोटाले हुआ करते थे, वहाँ से 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये की highest ever राशि भारत सरकार को आई। इस बार भी बहुत बड़ी संख्या में स्पेक्ट्रम बेचा गया। Spectrum sharing, spectrum trading, harmonization, ये सारे काम पूरे किए गए। तो ये बदलाव हुए हैं। लेकिन जहां policy paralysis था, वहां भारत का चेहरा क्या बदला है, भारत का व्यक्तित्व क्या बदला है इसके बारे में हम सदन को जरूर कुछ कहना चाहेंगे कि जिस तरह से बदलाव हो रहा है कि चाहे दुनिया की कोई भी एजेंसी हो, वह किस तरह से सार्थक चर्चा करके, चाहे वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट हो या किसी और संस्था की रिपोर्ट हो या आई.एम.एफ. की हो, सब जगह एक ही बात कही जा रही है कि India is the most promising economy. नोटबंदी पर मैं अलग से चर्चा करूंगा।

आज मैं बार-बार उस सारे को साइड करके यहां बताना नहीं चाहता हूं कि क्या-क्या बदलाव हुआ है, लेकिन यह जग जाहिर है कि किस तरह से बदलाव हुआ है। अब आप देखें एफ.डी.आई. की बात आई थी। India today is host to the highest number of FDIs. यह बताने की जरूरत है। सर, जरा उन लोगों को शांत होने के लिए बोलेंगे, उनको बोलने का मौका मिलेगा। Our manufacturing is going very high. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please allow the speaker to continue.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Our manufacturing has gone high. Yesterday, it was explained in great detail how India is home to the biggest number of FDIs in the recent years. Yesterday, it was explained in great detail. I don't want to go into those details. Those are matters of record as to how India today is privy to the biggest foreign exchange reserves. Today, India has scaled great heights in Ease of Doing Business. ये बातें तो सभी जानते हैं। नोटबंदी पर कमजोरियों को उजागर करते हुए भी चाहे वह आई.एम.एफ. हो

या वर्ल्ड बैंक हो, वे सब क्या कह रहे हैं? Indian growth story in the coming two to three years is going to be 6.5 per cent to 7.5 per cent to 8.5 per cent. यह हम नहीं कह रहे हैं। अब वे नहीं मानते हैं तो उनको उनकी शुभकामनाएं मुबारक हों, उनके विचार मुबारक हों। सर, मैं एक बात आज कहना चाहूंगा, इधर कुछ दिनों पहले प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर हमें विदेश जाने का मौका मिला कुछ सरकारी मामलों में। चार देशों में यूरोप के तीन देशों के एम्बैसेडर ने मुझे यह बात कही। आप जानते हैं कि एम्बैसेडर लगभग 30 साल सर्विस करने के बाद बनते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग भारत के प्रतिनिधि इतने वर्षों से हैं, लेकिन भारत के एम्बैसेडर के रूप में दुनिया में हमको इतनी इज़्ज़त आज तक नहीं मिली, जितनी नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में मिल रही है। ऐसा वे लोग बोल रहे हैं। अगर आप अब नहीं समझने को तैयार है तो आपके ऊपर है। आपकी स्पाँसरशिप कहती थी आप अपनी आज की जगह देखिए, पहले आप इधर बैठते थे। तो अभी काफी दिन वहां बैठेंगे, चिंता मत करिए।

सर, मैं नोटबंदी पर अब कुछ बोलना चाहता हूं। इसको लेकर काफी परेशानी रही। सर, भारत को ईमानदार रास्ते पर बनाने की कोशिश प्रधान मंत्री जी की उस दिन से है जिस दिन से पहली केबिनेट बैठी थी। यह बात उन्होंने अपने पूरे चुनाव अभियान में भी कही थी। पहली केबिनेट में क्या फैसला हुआ कि ब्लैक मनी के लिए एस.आई.टी. बनाई जाएगी, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद दो साल से आप नहीं बना रहे थे। वह हमने फैसला पहली केबिनेट में किया। जी-20 कन्ट्रीज़ में कैम्पेन करके प्रधान मंत्री जी ने कहा कि फॉरेन में जो काला धन जमा होता है, उसके ऊपर पूरी दुनिया को एक साथ बोलने की जरूरत है। आज automatic exchange of information अमेरिका के साथ है, स्विट्ज़रलैंड के साथ है। हम लोगों ने यहां टैक्स पर बदलाव किया, Bankruptcy Code लाए। Benami Act कितने वर्षों से इफेक्टिव नहीं था, उसको इफेक्टिव बनाया, उसको धारदार बनाया। उसके अलावा Money Laundering Act व बाकी सब किया। तो यह नोटबंदी एक पहली प्रक्रिया नहीं है जो की गई, दो साल में प्रधान मंत्री जी ने पहल करके भारत को ईमानदार और भारत की अर्थव्यवस्था को ईमानदार बनाने के लिए कई कोशिशें की गईं। अब नोटबंदी से जनता में प्रधान मंत्री जी ने ईमानदारी से अपील की थी कि आपको कुछ महीनों की परेशानी होगी। उन्होंने 50 दिन की बात कही थी। हमने यह भी देखा कि लोगों ने कहा कि हमें कठिनाई हो रही है, लेकिन यह जो कदम उठाया है नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने यह देश को मजबूत बनाने वाला कदम है, आगे बढ़ाने वाला कदम है। मुझे याद है, आज मुझे इस सदन में बोलना पड़ेगा कि हमारे कुछ टीवी के एंकर्स अपना छोटा-बड़ा कैमरा लेकर लाइन में खड़े हुए लोगों के मुंह में भी कैमरा घुसा दिया करते थे कि आपको कैसा लग रहा है? लोग कहते थे कि खड़े होते हैं तो परेशानी तो होती है, लेकिन यह कदम अच्छा है, यह भारत को बदलने वाला कदम है – यह हुआ है। देश जागता है, जगाने वाला होना चाहिए। यह हमने करके दिखाया है। सर, नोटबंदी पर हम विस्तार से चर्चा जरूर करेंगे, लेकिन चाहे वह दुनिया हो, चाहे हिन्दुस्तान को समझने-समझाने वाले लोग हों, चाहे वे बड़े अर्थशास्त्री हों - एकाध को छोड़कर, जिनका हमारे प्रधान मंत्री जी के बारे में पूर्वाग्रह रहता है - सबने यह स्वीकार किया कि It is a transformational initiative taken by Narendra Modi Government. मैं आपको तीन-चार बातें बताता हूं। आतंकवाद की वित्तीय कमर टूटी या नहीं टूटी? हवाला कारोबारी की साख कमजोर हुई या नहीं हुई? सुपारी किलिंग्स की हिम्मत टूटी या नहीं टूटी? कश्मीर में पाकिस्तान के प्रायोजन से पैसे लेकर ढेला फैंकने वालों की हिम्मत कमज़ोर हुई या नहीं हुई? जो माओवादी पैसे इकट्ठा करके,

[Shri Ravi Shankar Prasad]

प्लास्टिक में बांधकर नीचे गाढ़ते थे, वे हिंसा से कम, अपने पैसे को बदलवाने के लिए अधिक परेशान हो रहे थे — यह हमने करके दिखाया।

माननीय सभापति जी, एक जो सबसे बड़ी बात हुई है, जिसकी चर्चा मैंने बाहर भी की और मैं सदन को भी बताना चाहूंगा कि Resurgent India ने स्टडी किया है कि हिन्दुस्तान सेक्स ट्रेड के लिए जो मानव तस्करी हुआ करती थी, उसमें भयंकर कमी आयी है क्योंकि बंगाल, असम, झारखंड, बंगलादेश और नेपाल से लड़कियों को लाकर जो सेक्स ट्रेड के लिए exploit किया जाता था, वे सारे जो बिचौलिए थे, उनका पेमेंट पांच सौ और हज़ार रुपए के पुराने नोटों में हुआ करता था, वह धंधा भी कमजोर पड़ गया। हमने यह बदलाव करके दिखाया। इसके कारण एडवांस टैक्स कितना बढ़ा है, यह तो अरुण जेटली जी बता चुके हैं कि एकाएक उसमें कितना सर्ज आया है। इससे tax compliant देश कैसे बनेगा, इसकी भी चर्चा हुई है।

सभापति जी, आज मैं बहुत गर्व से अपनी सरकार के बारे में, माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी के बारे में एक बात कहना चाहूंगा, कि आज सरकार और वित्त मंत्री ने देश को ईमानदारी से बताने की कोशिश की है कि देश में कितने कम लोग टैक्स देते हैं। क्या हम सोच सकते हैं कि सिर्फ 24 लाख लोग दस लाख से अधिक आमदनी दिखाते हैं? लाखों की संख्या में कम्पनियां हैं, लेकिन सिर्फ सात हजार के करीब कम्पनियां अपनी आमदनी पचास करोड़ से अधिक बताती हैं? यह देश underpaid इन्कम टैक्स की स्थिति में था, यह स्थिति चल रही थी, इसको बदलना था। एक बात मैंने बाहर भी कही है और मैं आज सदन में भी कहना चाहूंगा कि आज देश के विकास के लिए, exact विकास के लिए साढ़े चार, पांच लाख करोड़ available होता है, बाकी पेंशन देनी पड़ती है, सेलरी देनी पड़ती है और बाकी establishment cost होता है। क्या हम चाहते हैं या नहीं चाहते हैं कि भारत की सेना दुनिया की सबसे मज़बूत सेना बने, अच्छे आयुध आएं, अच्छे weapons आएं? Do we want or not that Indian good young mind must innovate, create good intellectual property and patent for the country? क्या हम चाहते हैं या नहीं चाहते कि भारत का satellite दुनिया में और आगे ऊंचाई पर जाए? उसके लिए we need money, we need to enlarge the tax base of India. यह नोटबंदी का जो ऐतिहासिक कदम है या भारत को मज़बूत और ईमानदार करने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है, यह हम कहना चाहते हैं।

सर, हमने surgical strike की - एक तो नोटबंदी करके और दूसरी सरहद के पार भी की - उसको लेकर भी काफी परेशानी हुई। यह कहा जा रहा है कि सबूत लाओ कि सर्जिकल स्ट्राइक हुई या नहीं हुई। देश के जवानों के बलिदान और हिम्मत का सबूत नहीं मांगा जाता है,वे तो देश के लिए त्याग करते हैं। हमने पाकिस्तान से रिश्तों को अच्छा करने की पूरी कोशिश की। प्रधान मंत्री जी ने स्वयं पहल की। अटल जी का कहना था कि हम अपने दोस्त तो बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते, लेकिन अगर वहां आतंकवाद को प्रोत्साहन मिलेगा तो भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए और आतंकवाद को रोकने के लिए हर यथोचित वैधानिक कार्यवाही करेगा, उससे यह संकेत आता है। सर, आप तो विदेश नीति को स्वयं बहुत समझते हैं, आपका व्यापक अनुभव है। इस बार भारत और पाकिस्तान के साथ जो हुआ, इसमें हमने एक नया नज़ारा देखा। पहले भारत के साथ पारम्परिक रूप से रूस खड़ा रहता था और बाकी दुनिया या तो चुप या indifferent या पाकिस्तान की ओर झुकी हुई दिखाई पड़ती थी। इस बार ऐसा हुआ कि क्या अमेरिका, क्या यूरोप, क्या आस्ट्रेलिया, क्या भारत के

पड़ोसी, क्या सउदी अरेबिया, क्या इराक, क्या ईरान, क्या क़तर, क्या दुबई, क्या मस्कट, सब भारत के साथ खड़े नज़र आए। यह देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत बड़ी बात हई है। हमारे प्रधान मंत्री विदेश जाया करते थे, यह सही है। दुनिया के एक लोकप्रिय नेता हैं। उधर से कभी-कभी एक सवाल उठता था कि आजकल प्रधान मंत्री जी भारत की यात्रा पर हैं। ऐसा हम सुनते थे। हम अपने ऐसे मित्रों को बहुत विनम्रता से बताना चाहेंगे कि भारत के प्रधान मंत्री विदेश छुट्टियां मनाने नहीं जाया करते थे। वे भारत की सुरक्षा की दीवारों को मजबूत करने जाया करते थे और पाकिस्तान की दीवारों को कमजोर करने जाया करते थे। वे जहां भी जात थे, हम जानते थे कि भारत के प्रधान मंत्री जी कहां गए हैं, हमें यह भी मालूम था। आज इस देश के बदलाव में, भारत की विदेश नीति ...(**व्यवधान**)... आप समझ रहे हैं कि मैं क्या कह रहा हूं। आप समझ गए हैं कि मैं क्या कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मेरा कहना यह है कि भारत की विदेश नीति की यह बहुत बड़ी श्रेष्ठता हुई है कि भारत एक दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में उभरा है।

सर, मैं कुछ मोटी बातें कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं एक बात कहूंगा और मैं यह बहुत भावुकता से कहना चाहता हूं कि देश में जो सेना के जवान क़ुरबान होते हैं, जब आप उस क़ुरबानी का सबूत मांगते हैं, तो कभी-कभी उनके परिवार से पूछना चाहिए। अभी 26, जनवरी, 2017 को राष्ट्रीय राइफल्स के martyr के हवलदार हंगपन दादा को अशोक चक्र दिया गया। ...(**व्यवधान**)...

श्री बी. के. हरिप्रसाद (कर्णाटक): सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बताइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: कुछ चीज़ें गोपनीय होती हैं, जिसके बारे में आप भी जानते हैं। आप तो मंत्री भी रहे हैं, आप सांसद भी हैं। आप शांत रहिए।

श्री बी. के. हरिप्रसाद: आप सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बताइए।

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, इन्होंने आतंकवादियों से लड़ते हुए चार आतंकवादियों को मारा और इनको देश का सर्वश्रेष्ठ पीस टाइम अवार्ड दिया गया, अशोक चक्र अवार्ड दिया गया।

सर, मैं टी.वी. देख रहा था। उनकी पत्नी अरुणाचल प्रदेश से आती हैं और उनका बेटा भी। उनके छोटे बेटे से जब पूछा गया कि तुम क्या बनोगे, तो उसने कहा कि मैं अपने पिताजी की तरह सेना में जाऊंगा, सेना का अफसर बनूंगा और आतंकवादियों से लडूंगा। यह भारत की परम्परा होती है और मैं यह हर बार देखता हूं कि जो आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद होते हैं और ऐसा काम करते हैं।

सर, हमारी सरकार ने इसलिए तय किया "वन रैंक, वन पेंशन" का मामला, जो इतने दिनों से पेंडिंग था, कभी-कभी पांच सौ करोड़ रुपये की घोषणा की गई थी। सर, हमारे बिहार में एक कहावत है, गाज़ीपुर में भी होगी, "ऊंट के मुंह में ज़ीरा का फोरन।" सर, यह इतनी बड़ी अपेक्षा थी और इसके लिए सिर्फ पांच सौ करोड़ रुपए दिए गए। किसी के जख्म पर क्या नमक छिड़का गया था? प्रधान मंत्री जी ने कहा कि इसको पूरा करना है। सर, "वन रैंक, वन पेंशन" में 11,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। अभी तक 6,200 करोड़ रुपए डिस्ट्रिब्यूट हो चुके हैं और 19,06,000 जो हमारे veterans हैं, वे इसका फायदा पा चुके हैं। यह होता है, "वन रैंक, वन पेंशन" को ईमानदारी से लागू करना और बाकी भी समय-सीमा के अंदर लागू कर दी जाएगी।

[श्री रवि शंकर प्रसाद]

सर, मैं एक बात इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में कहना चाहूंगा कि सड़कें कितनी बन रही हैं। पहले सड़क 73 किलोमीटर बनती थी और अब 135 किलोमीटर बनती है। नेशनल हाईवे कितना बन रहा है, पोर्ट कितना बन रहा है। कल लगभग 4 लाख करोड़ रुपया वित्त मंत्री जी ने दिया है, इस पर बाद में चर्चा करेंगे और यह इन्फ्रास्ट्रक्चर में आज तक का highest allocation है। मैंने आरम्भ में ही कहा है कि मोदी जी की सरकार बदलाव की सरकार है। Digital India, Make in India, Skill India, Start-up India, Stand-up India are all transformational programmes designed to make India an empowered society. सर, मैं आपको बताता हूँ कि हम डिजिटल इकोनॉमी को पुश कर रहे हैं। इस देश के 111 करोड़ लोग आज "आधार" पर हैं। मैं यह मानता हूं कि इसे आपने शुरू किया था। कुछ-कुछ अच्छा काम तो आप शुरू करते थे, उसको बढ़िया करना हमारा काम था। वह कहानी कभी और सही। अहमद पटेल जी बैठे हुए हैं, वे समझते हैं कि मैं क्या कह रहा हूं? सर, हमने JAM trinity किया। सर, 125 करोड़ के देश में 108 करोड़ लोगों के पास आज मोबाइल फोन्स हैं। पिछले दो साल में इस देश में इतने मोबाइल फोन्स जोड़े गए हैं, जितनी कि इटली और फ्रांस की जनसंख्या है। यह इस देश का मान बना है। सर, 111 करोड़ लोग "आधार" पर हैं, 50 करोड़ इंटरनेट कनेक्शंस हैं, 35 करोड़ स्मार्ट फोन्स, India is becoming the biggest, fastest, start-up country in the world, even living China behind. यह देश में बदलाव हो रहा है। सर, यह देश कैसे बदल रहा है और लोग कैसे जाग्रत हो रहे हैं, मैं इस बारे में एक उदाहरण देना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी इंग्लैंड गए थे और Wembley stadium में भारतीयों को एड्रेस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अलवर के इमरान खान हिंदुस्तान बना रहे हैं। सर, उस समय में कम्युनिकेशन विभाग का मंत्री था। हमने रात में ही बीएसएनएल के सीएमडी को कहा कि कल मैनेजर को बुके लेकर भेजो और वे उनसे मेरी बात कराएं। उनका 9 बजे फोन आया कि हमरान खान आपके फोन का इंतजार कर रहा है। मैंने कहा, जनाब आपका कल लंदन की एक सभा में प्रधन मंत्री जी ने नाम लिया है, आपको मालूम है? उन्होंने कहा, मैं तो सो गया था। उस वक्त रात के एक बज रहे थे। मुझे पड़ोसियों ने जगाया कि प्रधान मंत्री लंदन में तुम्हारा नाम ले रहे हैं। मैंने पूछा कि आप करते क्या हैं? उन्होंने कहा कि मैं संस्कृत महाविद्यालय में गणित का शिक्षक हूं। मैंने पूछा और क्या करते हैं? उन्होंने कहा कि सर, मैं "ऐप" बनाता हूं। मैंने पूछा किस के लिए? उन्होंने कहा बच्चों के लिए फिजिक्स, कैमिस्ट्री, कैलकुलस के "ऐप्स" बनाता हूं। मैंने पूछा कितने बच्चे यूज़ करते हैं। उन्होंने कहा 40 लाख बच्चे हमारे "ऐप्स" को यूज़ करते हैं।

माननीय सभापति जी, अलवर जैसे छोटे शहर में अपनी विधा से वे यह कह रहे हैं। My friend from Telangana, I would like to tell you one more example. सर, सतम्मा देवी एक बीड़ी मजदूर हैं। वे डिजिटल लिटरेट हो गयी हैं। सर, हमने एक ट्वीट करके उन्हें बधाई दी। वे celebrity हो गयीं और टी.वी. वाले उनका इंटरव्यू लेने गए। मैंने उनसे फोन पर बात की। She does not know English or Hindi. मैंने तेलुगू में ट्रांसलेशन से बात की। मैंने पूछा आप क्या करती हैं? वह बोलीं कि बीड़ी मजदूर हूं। फिर पूछा कि आप डिजिटल literate कैसे हो गयीं? उन्होंने कहा कि मेरा एक बेटा दुबई में प्लंबर है। मैं उसे और अपने पोते को मिस करती थी। तो मुझे दोस्तों ने कहा कि अगर पोते से बात करना है और उसका चेहरा देखना है, तो स्काइप करना सीखो। फिर स्काइप करने के लिए मैं कंप्यूटर लिटरेट हो गयी। इस तरह हिंदुस्तान बदलाव की कोशिश कर रही है। आज डिजिटल इंडिया ऐसे हर हिंदुस्तानी को आवाज दे रहा है और आगे बढ़ रहा है।

महोदय, हमने जन-धन को आधार से जोड़ा, मोबाइल से जोड़ा और गैस की, राशन की, कुकिंग गैस की सब्सिडी उनके अकाउंट में सीधे डालनी शुरू कर दी। सर, कुछ ही योजनाओं में 35 करोड़ लोगों को फायदा हुआ है और माननीय सभापति जी, हमने 36 हजार करोड़ बचाए हैं जो बिचौलिए खा जाया करते थे। सर, हमारी सरकार का यह मानना है कि digital governance is good governance; digital delivery is faster delivery; digital eco-system is honest eco-system. यह पूरी सोच है। इसलिए मुझे माननीय वित्त मंत्री जी का बहुत अभिनंदन करना है कि उन्होंने कल पेश किए अपने बजट में डिजिटल पेमेंट को बहुत आगे बढ़ाया है। सर, हमने "भीम ऐप" बनाया, जिसे अब तक सवा करोड़ लोग डाउनलोड कर चुके हैं। यह बहुत लोकप्रिय हो रहा है।

माननीय सभापति जी, जिस तरह से आम आदमी इस पूरी प्रक्रिया से जुड़ा है। आज वह समझता है कि digital India के माध्यम से मुझे देश को बदलने का मौका मिला है। सर, हमारे दो लाख कॉमन सर्विस सेंटर्स हैं। इन्हें दलित और साधारण महिलाएं चलाती हैं। ये 1,25,000 ग्राम पंचायतों में हैं, जोकि पासपोर्ट बनाती हैं, आधार कार्ड बनाती हैं, और बाकी काम करती हैं। सर, यह पूरे बदलाव का जो एक महान काम हो रहा है। सर, Skill India, कौशल विकास योजना, आज 12 हजार करोड़ रुपए देश के नौजवानों को skilled करने के लिए दिए गए हैं और इस कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने की योजना है। सर, यह पूरे भारत को मजबूत बनाने का एक कार्यक्रम है।

सर, Transformational Programme जैसे एक और बड़े कार्यक्रम की बात करना चाहूंगा। माननीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने उसकी विस्तार से चर्चा की है। हम गंगा ऊर्जा की तरह जगदीशपुर से धर्मा तक इसे ले जा रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: No posters, please. Sit down. *...(Interruptions)...* Hon. Member, please sit down. *...(Interruptions)...*Take away the poster; please sit down. *...(Interruptions)...* Please sit down.

श्री रवि शंकर प्रसादः सर, हम इस तरह से गोरखपुर से, बरौनी से लेकर सिंदरी के पूरे फर्टिलाइजर कारखाने को आगे बढ़ाएंगे और लगभग 20 हजार से अधिक गांवों और शहरों में पाइपलाइन से गैस की व्यवस्था करेंगे। सर, यह गैस ऊर्जा का एक नया स्रोत बना है। यह सरकार बदलाव की सरकार है, यह सरकार transformation की है।

माननीय सभापति जी, बोलने को तो बहुत कुछ है, लेकिन मैं एक बात कहूंगा ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please sit down, hon. Member. You are not allowed to display posters here. *...(Interruptions)...*

श्री रवि शंकर प्रसादः जब बदलाव की सरकार बनती है, तो जो देश निराशा के माहौल में था, वही देश भ्रष्टाचार से पीड़ित था। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Stop interruptions. *...(Interruptions)...*

श्री रवि शंकर प्रसाद: वही देश, जो निराशा में था कि इस देश में एक प्रकार से कुछ नहीं हो सकता है, यह भाव था। ...(**व्यवधान**)... चाहे वह हिन्दुस्तान के NRI हों, हमें बहुत गर्व है, हम विदेशों में जाया करते थे। They used to feel so hopeless, "What has happened to our country?" ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

श्री रवि शंकर प्रसाद: आज वही भारत उत्साह में है, आज वही भारत आशा में है, आज वही भारत विश्वास में है और आज वही भारत एक नए भारत के भविष्य के संकल्प को लेकर ऊर्जावान है। मोदी जी की सरकार एक ईमानदार भारत बनाना चाहती है, एक ऊर्जावान भारत बनाना चाहती है, श्रेष्ठ भारत बनाना चाहती है और दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाना चाहती है। भारतवर्ष पनपे यह हमारा संकल्प है। माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में उस पूरे दृष्टिकोण को विस्तार से रखा है। मैं इसके लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए, इस प्रस्ताव को मूव करता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Thank you. Now, Dr. Vinay P. Sahasrabuddhe to make his speech seconding the Motion. ...*(Interruptions)*...

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे (महाराष्ट्र): आदरणीय सभापति जी ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please, take away that poster and sit down.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please, sit down. When your turn comes to speak, you will speak.

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे (महाराष्ट्र): आदरणीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्य, श्री रवि शंकर प्रसाद जी के द्वारा यहां जिस प्रस्ताव को रखा गया है, उसका अनुमोदन करने के लिए मुझे आमंत्रित किया है। मैं अपने आपको भाग्यशाली समझता हूं कि देश में गवर्नेन्स के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने वाली इस सरकार के संदर्भ में जो राष्ट्रपति महोदय का अभिभाषण रहा, उसके ऊपर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव का अनुमोदन करने का अवसर मुझे मिल रहा है।

सभापति जी, आप जानते हैं कि राष्ट्रपति जी का अभिभाषण, एक दृष्टि से अमरीका के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस पद्धति से State of the Nation Addres करते हैं, उस तरीके का होता है। पूरे देश में क्या चल रहा है, सरकार के इरादे क्या हैं, भविष्य की योजनाएं क्या हैं, माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सिलसिलेवार तथा तफसील से कई मुद्दों को बहुत अच्छे तरीके से स्पर्श किया है।

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए*)

उस भाषण में जो कहा गया है, उसी के ऊपर और अधिक विस्तार से कहने की शायद आवश्यकता नहीं है। आदरणीय रवि शंकर प्रसाद जी ने उसके बारे में बहुत विस्तार से हमें कुछ बातें बताई हैं। जो चार बिन्दु मेरे ध्यान में आए हैं, मैं केवल चन्द मिनटों में उनके ऊपर इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

सबसे पहली बात यह है कि यह सरकार एक continuity with change के इरादे से काम कर रही है। इस सरकार को सत्ता में आए ढाई साल हो रहे हैं, व्यवस्था वही है, लोग वही हैं। मतलब सरकारी तंत्र चलाने वाले अफसरशाह वही हैं, कानून का दायरा भी वही है, सदन के नियम भी वही हैं, बावजूद इसके जो प्रेरणा हमारी सरकार ने सरकार संचालन करने वाले हर व्यक्ति के अंदर निर्मित की है, उसके कारण परिवर्तन आ रहा है, इसकी अनदेखी हम नहीं कर सकते।

सभापति महोदय, मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि हमारी संस्कृति में कहते हैं, 'नित्य नूतन चिर पुरातन'। यह बात सही है कि ...**(व्यवधान)**... जो एक व्यवस्था बनाई गई है ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vijayasai Reddy, please sit down. ...*(Interruptions)*... Please don't do that. Sit down. Don't do that, please. It is very unfortunate. Why do you do like this?

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, I would like to draw the attention of hon. Prime Minister. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not the way for doing that. Please put it down. This is not the way.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What are you doing? Nothing will go on record. Whatever he says will not go on record. Sit down. It is very unfortunate.

DR. VINAY P. SAHASRABUDDHE: Sir, I am not yielding. Kindly allow me to continue. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vijayasai Reddy, please, don't do this. Sit down.

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धेः उपसभापति जी, मैं आपसे यह कह रहा था कि जब ideology-driven सरकार आती है और इस सरकार की ideology ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vijayasai Reddy, sit down. I will take action against you. Stop this. I cannot allow this. ...*(Interruptions)*... You put it down first. ...*(Interruptions)*...

---

*Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. This is not allowed. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, it is our humble request. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please listen to me. If you have anything to say, you give notice; tomorrow, we will allow but now, please sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... You cannot disobey the Chair like this. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU (Telangana): You have drawn the attention of the entire nation. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, please. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, please. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It cannot be allowed. No, no. This is not allowed. ...*(Interruptions)*... I am sorry, I cannot allow this. ...*(Interruptions)*... What are you doing? ...*(Interruptions)*... Please put it down now. ...*(Interruptions)*... Please advise him. ...*(Interruptions)*...

चौधरी सुखराम सिंह यादव (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, प्रधान मंत्री जी एक बार देख के मुँह घुमा लें, फिर वे बैठ जाएंगे। प्रधान मंत्री जी एक बार देख लें कि यह क्या है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He can give notice. ...*(Interruptions)*... No, no. ...*(Interruptions)*... He can give notice. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: You were drawing the attention of the Prime Minister and the entire nation. ...*(Interruptions)*... Your mission is completed. ...*(Interruptions)*...

चौधरी सुखराम सिंह यादवः प्रधान मंत्री जी एक बार देख लें।

एक माननीय सदस्यः देख लिया है।

चौधरी सुखराम सिंह यादवः प्रधान मंत्री जी ने देख लिया है, तो फिर बैठ जाएंगे।

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धेः उपसभापति जी, मैं यह कहना चाहता था कि जब हमारी सरकार "सबका साथ, सबका विकास" का मंत्र लेकर सत्ता में आई है, तो देशभक्ति हमारी सरकार की विचारधारा की माता है और राष्ट्रवाद हमारी सरकार की विचारधारा का पिता है। इसलिए इस देश की मिट्टी के साथ, इस देश के स्वभाव के साथ, इस देश के लोगों की जो आस्था है, जो विश्वास है, जो इथोस है, उसके साथ मेल खाते हुए, उनका विश्वास और संपादन करते हुए, उनको सहभागी बनाते

हुए एक पार्टिसिपेटिव डेमोक्रेसी का नया मॉडल खड़ा करने की दृष्टि से यह सरकार अग्रसर हो रही है। जब एक कार्यकर्ता सत्ता में आता है - वह किसी घराने की बदौलत सत्ता में नहीं है, एक कार्यकर्ता, संघर्षशील कार्यकर्ता ज़मीन से लेकर काम करते-करते जब प्रधान मंत्री पद तक आता है, तब वह दुनिया के गरीबों की समस्याओं को पहचानता है, जिसका रिफ्लेक्शन उसकी नीतियों में पड़ता है।

मैं अपने अगले बिंदु पर आता हूं कि इस सरकार की प्रमुख विचारधारा है - वंचितों के प्रति संवेदना, गरीबों का कल्याण और गरीबों का सशक्तिकरण यह कैसे है, इसको मैं आपको चार बिंदुओं में बता रहा हूं।

अध्यक्ष महोदय, इस देश में किसानों के लिए बीमा योजनाओं का एक लंबा सिलसिला रहा है और हमने देखा है कि इसके लिए अवर्षण की स्थिति, अकाल की स्थिति या अतिवृष्टि की स्थिति को डिक्लेयर करना होता है, उसके बाद ही उसको बीमा का लाभ मिलता था। हमारे शहर में कोई गाड़ी खरीदता है, तो वह बीमा करा सकता है, कोई बंगला खरीता है, तो वह बीमा करा सकता है, कोई स्कूटर खरीदता है, तो वह बीमा करा सकता है, कोई कंप्यूटर खरीदता है, तो वह भी बीमा करा सकता है, मगर किसान अपनी फसल, जिसको वह अपनी मेहनत के आधार पर उगाता है, उसका बीमा करने की कोई सहूलियत इस देश में नहीं है। अब यह हुआ है, "प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना" की खूबी यह है कि खेत में आप जो फसल उगाओगे - जयराम रमेश जी, आप भी जानते हैं कि फसल चक्र के हर पायदान पर उसको सुरक्षा प्राप्त हो गई है। अगर खेत में फसल बनी हुई है और किसी कारणवश फसल का नाश होता है तो उसको बीमा की सुरक्षा मिलेगी। अगर आप बाजार में फसल ले जाते हो, कोई एक्सिडेंट होता है, फसल वहाँ तक नहीं पहुंच पाती, तब भी आपको बीमे की सुरक्षा मिलेगी। माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस देश के किसानों को पूरे जीवन चक्र में सुरक्षा देने वाली इस तरीके की एक बहुत ही अनूठी फसल बीमा योजना दी है, जिसके कारण किसानों को राहत भी मिली है। उसके लिए अभी आबंटन भी बढ़ा है, जिसकी ओर मैं सदन का ध्यानाकर्षण करना चाहता हूं।

उपसभापति जी, इससे पहले, हमारे पूर्ववक्ता ने "उज्जवला योजना" का जिक्र किया है। मैं उसको दोहराना नहीं चाहता हूं, मगर हमारे देश का जो अविकसित इलाका है - ईशान्य भारत, पूर्वांचल, उस पूर्वांचल के हमारे भाई-बहनों को न्याय मिले, इसके लिए प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार यहाँ पर आई थी। उस सरकार ने डोनर, Department of North-East Region नाम का एक मंत्रालय बनाया था। यह मंत्रालय बहुत सुचारू रूप से चला। 2004 में वह सरकार गई, नई सरकार आई। सरकार के साथ-साथ जो प्राधान्य क्रम था, प्राइयॉरिटी थी, उसको बरकरार रखना जरूरी था, लेकिन उसको रखा नहीं गया। जिस भाव से उस मंत्रालय का निर्माण किया गया था कि उनकी उपेक्षा का अंत हो, उस मंत्रालय की ही उपेक्षा हुई। इस पद्धति से इस मंत्रालय के साथ खिलवाड़ किया गया, उनका आबंटन कम हुआ और उसके ऊपर ध्यान देने के लिए भी कोई तैयार नहीं था। अभी हमारे डा. जितेन्द्र सिंह उस मंत्रालय की कमान संभाल रहे हैं। वे हमें बता रहे थे कि अब ईशान्य भारत के, हमारे पूर्वांचल के मुख्य मंत्रियों को यहाँ आने की जरूरत नहीं है। मंत्रालय उनकी राजधानियों में उनकी समस्याओं का हल निकालने की दृष्टि से हर महीने कैंप लगा रहा है, जिसके कारण सरकार उनके द्वार जा रही है। उपसभापति महोदय, हम सब जानते हैं कि नॉर्थ-ईस्टर्न

[डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे]

3.00 P.M.

काउंसिल की एक बहुत बड़ी योजना बनाई गई थी, जिसके लिए शिलाँग में एक बहुत बड़ा संस्थान खड़ा है, मगर विगत 15 सालों में उसकी बैठक नहीं हुई थी, उसमें नियुक्तियां नहीं हुई थीं। जब हमारी सरकार आई, तो उस संस्था को पुनर्जीवित किया गया, उसकी बैठक हुई और जिसके कारण विकास के रास्ते भी प्रशस्त हो गए। जो हम "सबका साथ" कहते हैं, तो यह केवल नारा नहीं होता, we live by the slogan. We define the slogan in such a way that it is translated into reality.

उपसभापति जी, दिव्यांगों की चर्चा भी इस सदन में हुई है। हमारे थावर चन्द गहलोत जी उस मंत्रालय का नेतृत्व का रहे हैं। हम सब यह जानते हैं कि जितने सारे दिव्यांग हैं, उनकी पीड़ा का हरण करने के लिए, उनको अंगदान करने के लिए कार्यक्रम होते हैं, जैसे जयपुर फुट दिए जाते हैं, अन्य दूसरे उपाय किए जाते हैं। अब ऐसे कार्यक्रम करने के लिए सरकार के पास पर्याप्त निधि है, मगर ये कार्यक्रम किए नहीं जाते थे, क्योंकि उनके बारे में कोई बहुत उत्साह नहीं होता था। केन्द्रीय मंत्रालय के द्वारा साल में मुश्किल से पच्चीस, तीस ऐसे कैम्प लगाए जाते थे, लेकिन जब से यह सरकार आई, तो सरकार ने सोचा कि हम पार्टिसिपेटिव डेमोक्रेसी की बात करते हैं, क्यों न हमारे जन-प्रतिनिधियों को इसमें शामिल किया जाए? हमारे सभी सांसदों को, विधायकों को सरकार ने चिट्ठियां लिखीं कि ये कैम्प आप अपने-अपने चुनाव-क्षेत्र में ऑर्गेनाइज़ करिए, इससे आपको लाभ होगा और जो हमारे दिव्यांग व्यक्ति हैं उनको भी लाभ होगा। इससे 300 परसेंट का इजाफा हुआ और इस तरीके के 150 से भी अधिक कैम्प मात्र दो साल की अवधि में लगे। मैं मानता हूँ कि जब संवेदनशील होने वाले व्यक्ति सत्ता का नेतृत्व करते हैं, तब इस तरीके का परिणाम निकल कर आता है। इसलिए मैं इसका भी यहाँ आग्रह के साथ जिक्र करना चाहता हूँ।

उपसभापति जी, हम सब रेलवे के बारे में जानते हैं। हम यह भी जानते हैं कि इस सरकार का बहुत अच्छा बल सोशल मीडिया पर रहा है। यह सोशल मीडिया कोई एक फैशन नहीं है, यह सोशल मीडिया कोई अपना स्टेटस बढ़ाने का औजार नहीं है, बल्कि इस सोशल मीडिया को जनता के उपयोग के लिए, उसकी पीड़ा, दुख-दर्द मिटाने के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है। कैसे? हम जानते हैं और हमने देखा है, आप सब लोग भी जानते हैं कि ट्विटर का उपयोग करते हुए हमारे रेल मंत्री का ध्यान आकर्षण करते हुए कई रेल यात्रियों ने अपनी पीड़ा का हरण किया। कोई महिला यात्रा कर रही थी, जिसने बच्चे के लिए दूध लिया था, जो खराब हो गया और गाड़ी रुकती नहीं थी, कोई फास्ट ट्रेन थी, तो उसने ट्वीट किया। उसके बाद उस गाड़ी को किसी दूसरे स्टेशन पर एक स्पेशल हॉल्ट दिया गया और उस बच्चे की आवश्यकता पूरी करने के लिए रेलवे के कर्मचारी दूध लेकर वहां उपस्थित हुए। That is called a Government with sensitivity. उदयपुर से हमारे एक मित्र ट्रेन से आ रहे थे। जब वे आ रहे थे, तो उनकी बहन भी साथ में सफर कर रही थी, जो दूसरे कंपार्टमेंट में थी। यात्रा में रात्रि का प्रवास होता है। जब वह रात्रि में थ्री ए.सी. कंपार्टमेंट में ऊपर की सीट पर थी, जब रात्रि का अंधेरा और घना हो गया, तो उसको लगा कि कुछ लोग उस कंपार्टमेंट में आए और उन्होंने शराब वगैरह पीना शुरू कर दिया, कुछ अभद्र भाषा का प्रयोग भी हुआ। यह अकेली महिला थी, डर गई। उसने भाई को पूछा कि मैं क्या करूं? भाई ने कहा कि तुरंत ट्वीट करो, हो सकता है एक-आधे घंटे में कुछ कार्यवाही

हो। उसने ट्वीट किया। संबंधित डिविज़नल रेलवे मैनेजर ने जो भी कॉग्नीजेंस लेना जरूरी था, वह लिया और आधे घंटे के अंदर जो भी उसको परेशान करने की स्थिति में थे, ऐसे शराबियों को हिरासत में लिया गया। यह होता है - Government that works.

سر، میں دو لفظ بجٹ پر کہنا چاہونگا کہ جو بجٹ آیا ہے، اس میں ایمپلائنمنٹ کے لیے کچھ بھی نہیں ہے۔ وہ چھ ہزار کروڑ کہاں ہیں؟ ہم سے تو یہ بھی وعدہ کیا گیا تھا کہ دس کروڑ نوجوانوں کو روزگار دیا جائے گا۔ ابھی تک ایک لاکھ، دو لاکھ بھی نوجوانوں کو روزگار نہیں دیا گیا ہے۔ نوجوانوں کو صرف روزگار، روزگار اور روزگار چاہیئے۔ یہ دیش تب تک آگے نہیں بڑھ سکتا، یہ دیش تب تک پرگتی نہیں کرسکتا ہے، جب تک دیش کے یووکوں اور یووتیوں کو روزگار نہیں مل جاتا، یہ سرکار کو ماننا پڑے گا۔ یوتھ کو صرف روزگار کی ضرورت ہے۔ آج گروتھ کا کیا حال ہے، انڈسٹری کا کیا حال ہے، ری ٹرینچمینٹ کتنی ہوئی ہے؟ میں نے فارمرس کے بارے میں بھی اُلیکھ کیا ہے، رورل اکانامی کے بارے میں کیا ہورہا ہے اور جو ملک کوآپریٹیوز ہیں، ان میں کیا ہوا؟ 'منریگا' کے لیے بڑا پیسہ بڑھایا ہے، لیکن 'منریگا' کا کام نہیں چلتا ہے۔

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

تمام آئیل انڈسٹری کا کیا ہوا؟ میں نے ریئیل اسٹیٹ اور ڈائمنڈ انڈسٹری کی بات کی۔ سر، اتنے سالوں میں ہمیں ایک بڑی چنتا رہتی تھی کہ دیہاتوں سے شہر کی طرف exodus/ہورہا ہے، مائیگریشن ہورہا ہے۔ شہروں میں یہ ایک چنتا ہورہی تھی، لیکن اس نوٹ بندی کے بعد reverse migration/ہوگیا ہے، کیونکہ تمام کام ٹھپ ہے۔ انڈسٹریز میں کام ٹھپ ہے، کنسٹرکشن میں کام ٹھپ ہے، رئیل ایسٹیٹ میں کام ٹھپ ہے۔ بے چارے لوگ پھر وہیں دیہات میں گئے، لیکن دیہات میں زمین کہاں ہے؟ وہاں تو گھر بنانے کے لیئے بھی زمین نہیں ہے۔ Except تین چار اسٹیٹس، یوپی، آندھراپردیش کو چھوڑ کر باقی اسٹیٹس میں اب کچن گارڈن رہ گیا ہے، کیوں کہ آبادی بڑھ رہی ہے۔ ایک کے دو، دو کے چار، چار کے سولہ، سولہ کے چونسٹھ ہوتے ہیں، اب انہیں گھر بنانے کے لیے جگہ نہیں ملتی ہے۔ جو یہاں کام کرتے تھے، جب وہ واپس جائیں گے، تب وہ خود کیا کھائیں گے اور اپنے پریوار کو کیا کھلائیں گے؟ میرا یہی کہنا ہے کہ یہ سرکار نہ صرف ایک سال من ہی نہیں، بلکہ پورے ڈھائی سال میں ہر فرنٹ پر، ہر موڑ پر ناکام ہوئی ہے، أسفل ہوئی ہے۔ دیش کو میں نے جو پہلے ہی شروع میں regression کہا تھا، اس میں یہ دیش آگے جانے کے بجائے پیچھے کی طرف جارہا ہے۔ میں انہی چند باتوں کے ساتھ مانیئے راشٹرپتی جی کا بہت بہت دھنیواد کرتا ہوں۔ جے ہند۔

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Thank you very much. Now, Shri Neeraj Shekhar.

श्री नीरज शेखरः उपसभापति जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें जन्मदिवस पर देश को जो शुभकामनाएँ दीं, मैं राष्ट्रपति जी

के अभिभाषण पर बात इससे शुरू करूंगा। उसके बाद उन्होने चंपारण के आंदोलन का जिक्र किया। गाँधी जी के सौ साल हुए हैं। मुझे आश्चर्य है कि अभिभाषण में गाँधी जी का नाम भी लिया गया है, मैं इसके लिए इस सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा। अभी गुलाम नबी आज़ाद जी ने कहा कि नोट से गाँधी जी गायब हो रहे हैं और चरखे से गाँधी जी गायब हो रहे हैं। अब चरखे पर हमारे प्रधान मंत्री जी आ गए हैं। अब चरखे पर वे रहेंगे। यह तो इन लोगों का एजेंडा है कि गाँधी जी का नाम नोट से नहीं, चरखे से नहीं, इस देश से ही खत्म कर दें, लेकिन गाँधी जी का नाम इनके खत्म करने से खत्म नहीं होगा, गाँधी जी का नाम इस देश के लोगों के दिलों पर है। इन्होंने यह जो शुरुआत की है, इसमें उनको सफलता नहीं मिलेगी।

[**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया**) *पीठासीन हुए]*

मैं जो अपनी बात कहूंगा, उसमें अपने नेताओं का स्तुतिगान करने में समय व्यर्थ नहीं करूंगा। मुझे बड़ा दुख है कि हमारे पक्ष के दो नेताओं ने यह किया है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी ने यह किया, प्रधान मंत्री जी ने वह किया, अरे, आपकी भी सरकार है, आप यह बोलिए कि सरकार ने यह किया है। प्रधान मंत्री जी का - मैं हर बार सुनता था, कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगता था कि ये लोग अपने नेताओं के लिए बड़ी प्रेज़ या हमेशा ऐसे स्तुतिगान करते हैं, लेकिन आज मुझे आश्चर्य है और मैं कभी यह नहीं सोचता था, मैं आदरणीय रविं शकर प्रसाद जी से - मैं डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे जी को तो जानता नहीं, लेकिन रविं शकर प्रसाद जी से मुझे यह आशा नहीं थी कि ऐसा स्तुतिगान होगा, प्रधान मंत्री जी की ऐसी चालीसा पढ़ी जाएगी। मुझे इस बात का अफ़सोस है। मैं इसीलिए कह रहा था, मैं तो यह कहना चाहता हूं, मैं यह प्रस्ताव लाना चाहता हूं कि अब राष्ट्रपति का अभिभाषण नहीं होना चाहिए, प्रधान मंत्री जी का अभिभाषण होना चाहिए। यह बड़े दुख की बात है। मैं उस दिन उनका भाषण सुन रहा था, मैं राष्ट्रपति जी की शक्ल देख रहा था। * मैं उसको समझ सकता था। ...(**व्यवधान**)... मैं समझ सकता था। ...(**व्यवधान**)... यह मेरी विचारधारा है। ये मेरे विचार हैं।

श्री रवि शंकर प्रसादः सर, यह रिकॉर्ड में नहीं जाना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... इसको रिकॉर्ड से निकाला जाए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः मैं अपने विचार रखूंगा। ...(**व्यवधान**)... आप इस पर कैसे खड़े हो सकते हैं?। am yot yielding, Sir. *...(Interruptions)...* I am not yielding. *...(Interruptions)...*

श्री रविं शकर प्रसादः यह राष्ट्रपति जी की आलोचना हो रही है। ...(**व्यवधान**)...

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चन्द गहलोत)ः यह उचित नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः इन लोगों को आपत्ति हो, अगर मैंने कोई आपत्तिजनक बात बताई हो ...(**व्यवधान**)... तो आप बाहर निकाल दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री रवि शंकर प्रसादः यह राष्ट्रपति जी की आलोचना हो रही है। ...(**व्यवधान**)... यह राष्ट्रपति जी की आलोचना हो रही है ...(**व्यवधान**)... उनके चेहरे की, उनके बोलने के ढंग की ...(**व्यवधान**)... मुझे आपत्ति है इस पर। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः मैंने सबका भाषण बड़े ही शांतिपूर्वक सुना। ...(**व्यवधान**)... मुझे बहुत पीड़ा हो रही थी, मैंने तब भी शांतिपूर्वक सुना। ...(**व्यवधान**)...

श्री थावर चन्द गहलोतः यह नहीं किया जा सकता है। ...(**व्यवधान**)... इसको देख लें आप। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः यदि आपत्तिजनक है ...(**व्यवधान**)... तो इसको निष्कर्ष के लिए जाँचा जाएगा ...(**व्यवधान**)... और यदि गलत है तो इसको निकाला जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः सर, अगर कोई आपत्तिजनक होगा, तो मैं अपनी तरफ से अनुरोध कर रहा हूँ कि उसको निकाल दीजिएगा। ...(**व्यवधान**)... अगर कोई आपत्तिजनक होगा ...(**व्यवधान**)...

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनंत कुमार)ः सर, माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा में उनके चेहरे के बारे में कोई निंदा नहीं हो सकती है, उसकी चर्चा भी नहीं हो सकती है। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः सर, मैं यील्ड भी नहीं कर रहा हूँ और मंत्री लोग बोले जा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री अनंत शेखरः माननीय सदस्य ने जो उसका जिक्र किया है, उसको आप रिकॉर्ड से हटवाएं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः अगर आपत्तिजनक है, तो उसको निकाला जाएगा। ...(**व्यवधान**)... आपत्तिजनक है, तो उसको निकाला जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपसे संरक्षण चाहूंगा। मैंने बड़ी शांतिपूर्वक सबको सुना है। मैं अपनी बात कह लूं, उसके बाद जो इनको कहना है, ये कह लें। इसके लिए मेरा समय देखा जाए। मैं उस दिन राष्ट्रपति जी को देख रहा था। * मुझे भी उनकी बात सुनने में पीड़ा हो रही थी।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः यह नज़रिया है अपना-अपना।

श्री नीरज शेखरः मैं वही कह रहा हूँ, ये मेरे विचार हैं। उनके विचार भिन्न हैं, मगर ये मेरे विचार हैं। मुझे आपत्ति इस चीज़ से है। ...(**व्यवधान**)... मुझे आपत्ति इसी चीज़ से है। अभी सर्जिकल स्ट्राइक की बात हो रही थी। ...(**व्यवधान**)...

श्री थावर चन्द गहलोतः उपसभापति जी, माननीय सदस्य ने फिर वही बात दोहरा दी। यह तो उचित नहीं है। राष्ट्रपति जी के बारे में इस प्रकार से चर्चा नहीं की जानी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री नीरज शेखरः मैं तो बोलूंगा। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः मैंने कह दिया है कि यदि आपत्तिजनक है, तो उसको निकाला जाएगा।

श्री थावर चन्द गहलोतः ठीक है।

श्री नीरज शेखरः सर, मैं सर्जिकल स्ट्राइक की बात कह रहा था। अभी गुलाम नबी जी ने भी कहा। मुझे आपत्ति इसी बात से है कि अगर कोई प्रश्न कर दे, तो कहेंगे कि आपने सर्जिकल स्ट्राइल पर प्रश्न कर दिया, जवानों पर प्रश्न कर दिया! आखिर हम अपनी आने वाली जेनरेशन को क्या सिखा रहे हैं कि जो हमारे बच्चे हैं, वे किसी चीज़ पर क्वेश्चन न करें! अगर हम सेना पर क्वेश्चन कर देते हैं, तो आप कहते हैं कि आप इस पर कैसे बोल सकते हो? अगर न्यायालय पर क्वेश्चन कर देते हैं, तो आप कहते हैं कि जजों के बारे में कैसे क्वेश्चन कर रहे हो? अगर हम प्रधान मंत्री जी के बारे में बोलते हैं, तो क्या-क्या टिप्पणियां हमको सुननी और पढ़नी पड़ती हैं? उसको लेकर तो मैं यहां पर अपनी बात नहीं कह सकता हूँ। हम अपने बच्चों को कह रहे हैं कि प्रश्न मत करो, किसी चीज़ के लिए कोई प्रश्न नहीं कर सकते, सरकार जो कहती है, चुपचाप सुनो। आगे आने वाली अपनी जेनेरेशन के लिए हम यह अच्छा उदाहरण नहीं रख रहे हैं। अगर हमें आगे बढ़ना है, अगर इस देश में अपने बच्चों को खुले दिमाग से और खुले मन से सोचना सिखाना है, तो यह मत सिखाइए कि किसी चीज़ पर कोई प्रश्न नहीं कर सकते। सर्जिकल स्ट्राइक पर क्यों प्रश्न नहीं उठा सकते? अगर नहीं उठा सकते, तो आपने क्यों मिलिट्री वालों से इस बात को कहलवाया? अगर सीक्रेट है, तो जो सेना के अधिकारी थे, उनको बुलाकर क्यों कहा कि हमने बड़ा तीर मारा है और हमने सर्जिकल स्ट्राइक किया है? यह कहने की क्या जरूरत थी? क्या उसके पहले इस देश ने कोई सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की? कितनी बार की और क्या कभी सरकार ने बताया? यह पहले और अब में इतना फर्क है। आप करते इतना सा हैं और इतना अधिक बनाते हैं, क्योंकि आपके नेताओं को बोलना सिखाया जाता है। मेरे ख्याल से नागपुर में इसकी ट्रेनिंग दी जाती है कि कैसे बोला जाए, काम मत करना, लेकिन कैसे बोला जाए, कैसे बताया जाए, उसकी शिक्षा दी जाती है। ...(**व्यवधान**)... मुझे दिशा-भ्रमित मत कीजिए। मैं इसी पर रहना चाहता हूँ।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः आप अपने विषय पर आइए।

श्री नीरज शेखरः सर, इस अभिभाषण में "स्वच्छ भारत" की बात हुई। इसकी क्या हालत है? आप कह रहे हैं कि हमने तीन करोड़ टॉयलेट बना दिए। इनमें से ये कितने काम कर रहे हैं? ये कैसे काम करेंगे? क्योंकि पानी की व्यवस्था वहां है या नहीं है, इस पर आपने सोचा ही नहीं। आप बना दीजिए "प्रधान मंत्री जी का आदर्श ग्राम", लेकिन आप वहां जाकर टॉयलेट देख लीजिए, मैं और कहीं का नहीं कहूंगा। मैं बार-बार इस बात को इसीलिए दोहराता हूं कि आप सोचते नहीं हैं, बस काम कर दो, उसके बाद देखेंगे, जो परिणाम होगा। बिना सोचे समझे काम करने का कोई मतलब नहीं है। आपको देखना चाहिए था, आपको नीति बनानी चाहिए थी कि अगर हम गांवों में टॉयलेट बना रहे हैं, तो वे टॉयलेट कैसे आगे चलेंगे? उसकी कोई नीति नहीं है, मगर बना दिए और पूरी दुनिया में "स्वच्छ भारत" हो गया। अभी मुझे आश्चर्य है, जैसा रवि शंकर प्रसाद जी कह रहे थे कि हमने इतना महान काम किया, उस दिन प्रधान मंत्री जी झाड़ू लेकर हरे पत्तों को झाड़ रहे थे। ये कैसी बातें हो रही हैं?

[श्री नीरज शेखर]

अगर माननीय रविं शकर प्रसाद जी को उदाहरण देना चाहिए था, तो महात्मा गांधी जी का देना चाहिए था, जिन्होंने अपनी पत्नी को विवश किया कि तुमको टॉयलेट साफ करना पड़ेगा। वे अपने जीवन में हर रोज़ अपना टॉयलेट साफ करते थे। कभी वहां जाएं, उनका आश्रम देखें। आप लोगों को उनका आश्रम देखने में दुख होगा, क्योंकि मैं जानता हूँ कि बीजेपी, आरएसएस के लोग वहां जाते नहीं हैं। आप लोगों को दुख होगा, लेकिन आप लोग वहाँ जाकर देखिए। आप वहाँ जाकर देखिए कि उनकी जीवन पद्धति कैसी है। आप उसका उदाहरण दीजिए। आप यह दिखा रहे हैं, एक दिन मैं भी चला जाऊँ। एक दिन मैंने झाड़ू दे दिया, हम नेता बन गए और उस दिन स्वच्छ भारत हो गया। उसके बाद क्या आपने वहाँ जाकर गाँव की हालत देखी? अब मैं पढ़ रहा हूँ कि तीन राज्यों में बाहर शौच नहीं होता है, इतने डिस्ट्रिक्ट में यह काम हो गया है। क्या आपने इस देश में हालत देखी है? भाषण ऐसे दिया जा रहा है, ऐसा बताया जा रहा है। इन्होंने बसंत ऋतु की बात से अपना भाषण शुरू किया, मैं सावन की बात कहना चाहूँगा कि सावन के अंधे को हर चीज हरी-हरी दिखाई देती है। वही इस सरकार का हाल हो रहा है। इनको सब कुछ अच्छा दिखाई दे रहा है। 'India Shining', 2003 वाला, फिर से शुरू हो गया है। 2016 में यह शुरू हो गया है। जिस तरह से 'India Shining' था, उसी तरह से शुरू हो गया है - 'Feel Good'. सब कुछ अच्छा हो रहा है। इन्होंने 'स्वच्छ भारत' बोला, तो भारत स्वच्छ हो गया। इन्होंने योग सिखाया, तो अब सारा देश योग कर रहा है। स्वस्थ हो गया है, ऐसा नहीं, अभी भी सबसे ज्यादा heart patients और diabetes patients हमारे देश में हैं। क्या कभी इसके बारे में आपने सोचा है? आपने जितना पैसा इसके advertisement पर खर्च किया था, अगर सही जगह लगाते, तो कई अस्पताल बन गए होते। आप अपनी फोटो देखना चाहते हैं, अपनी बात सुनना चाहते हैं, तो आपका स्वागत है। इस देश का पैसा लग रहा है, तो लगने दो। रोज हम अखबार खोलते हैं, तो फोटो देखते हैं, 'स्वच्छ भारत', 'India Shining', 'Standup India'. अभी कोई बोल रहा था, 'Sit Down India' नहीं, यह है - 'Slogan India'. स्लोगन दिए जाओ, धड़ाधड़, एक के बाद एक - 'India Shining', 'Make in India'. सब कुछ बोलते जाओ, लेकिन कोई एक धेले का काम हो रहा हो, तब बताइए।

मैं तो आज पूछना चाहता हूँ कि इस अभिभाषण में पेट्रोल के बारे में क्यों नहीं बोला गया? मैं तो हमेशा इसके बारे में प्रश्न पूछता हूँ कि जब इसका दाम 110 डॉलर प्रति बैरल था, तब भी यह 71 रुपए प्रति लीटर था, तब आप लोगों की सरकार थी, मुझे तो आश्चर्य होता है कि आप लोग यह बात क्यों नहीं उठाते हैं कि अगर आज इसका दाम 58 डॉलर है, तब भी यह 71 रुपए है। ऐसा क्यों, जब आपने इसको सीधे मार्केट से जोड़ दिया है? मेरे ख्याल से अभी उस नीति में बदलाव नहीं हुआ है। क्या इसमें बदलाव हो गया है? मुझे नहीं पता, अगर ऐसा हो गया है, तो मुझे बताइएगा, मुझे correct करिएगा। मैं इस बात को आज तक नहीं समझ पाया और मैं इसे समझने की बड़ी कोशिश करता हूँ। मैं जब भी पेट्रोल या डीजल भरवाने जाता हूँ, तो मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि यह कैसे हो सकता है। अभी यह आधे दाम पर है, तो मान लिया कि देश के लिए कुछ sacrifice करना है, लेकिन ये राज्य सरकार, बैठे हुए नेता और बड़े उद्योगपति sacrifice नहीं करेंगे, sacrifice करना होगा, तो चाहे आप लोग हों, चाहे ये लोग हों, sacrifice बेचारा किसान करेगा, इस देश का गरीब करेगा, इस देश का मजदूर करेगा। Sacrifice उसी को करना है, क्योंकि आप लोग sacrifice नहीं करेंगे। पेट्रोल के दाम से हर चीज़ जुड़ी हुई है, डीजल के दाम से हर चीज जुड़ी हुई है, आप लोग उसके बारे में नहीं सोचते हैं। अगर आप

चाहते, मैं यह नहीं कहता कि आप उसको आधे दाम पर कर दीजिए, लेकिन आप कुछ तो दीजिए। नहीं, जब भी इसका दाम एक डॉलर बढ़ता है, तो आप दो रुपए बढ़ा देते हैं। यह कैसे हो रहा है, यह मेरी समझ में नहीं आता है। जब आप लोग ही इधर थे, तो मैं नाम नहीं लेना चाहूँगा, उस समय आप लोगों ने सदन के सामने जो नाटक किया था, कोई प्याज़ की माला लिए खड़ा था, कोई किसी चीज़ की माला पहन कर खड़ा था। अब आप लोगों को वह चीज नहीं दिखाई दे रही है। मैं आप लोगों से यही आग्रह कर रहा हूँ कि आप जो बोलते हैं, उसको करिए, उस चीज़ को अपने जीवन में उतारिए। आप लोग ऐसा करते ही नहीं हैं। बस आप लोगों का भाषण चालू है, एक के बाद एक। मुझे तो लगता है कि आप लोग हमेशा election mode में रहते हैं। प्रधान मंत्री जी का ही कहना था कि बहुत ज्यादा चुनाव होते हैं। अगर विधान सभा और लोक सभा के चुनाव एक साथ होने लगें, तब तो आप लोगों के लिए बड़ी मुश्किल हो जाएगी। प्रधान मंत्री जी को बोलने का मौका ही नहीं मिलेगा। प्रधान मंत्री जी को बस चुनावी भाषण ही देते हैं। हमेशा, कोई बात हो, अभी वहाँ भाषण, फिर वहाँ भाषण। कभी-कभी मुझे लगता है कि वे पार्लियामेंट में भी चुनावी भाषण दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप अभी लोक सभा का चुनाव करवा लीजिए। उत्तर प्रदेश विधान सभा का चुनाव हो रहा है, आप लोक सभा का चुनाव भी साथ करा लीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Please address the Chair. ...*(Interruptions)*... Please address the Chair.

श्री नीरज शेखरः आप उनको नहीं बोल रहे हैं, मुझे बोल रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः आप सीधे बात कीजिए, इधर-उधर ध्यान मत दीजिए।

श्री नीरज शेखरः जब कोई व्यवधान डालता है, तो मुझे बोलने की आदत है। मैं बड़ी कोशिश करता हूं कि न बोलूं, लेकिन मेरी आदत है। अब जन-धन एकाउंट की बात है, President's address में इसका बड़ा उल्लेख है। उसमें 26 करोड़ जन-धन एकाउंट्स की बात कही गई है। 8 नवम्बर से पहले जब हम लोग सुनते थे, तो पता चलता था कि ज़ीरो बैलेंस के बहुत सारे एकाउंट्स हैं। मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि अब ज़ीरो बैलेंस के कितने एकाउंट्स हैं? जन-धन एकाउंट्स का किस तरह इस्तेमाल हुआ? प्रधान मंत्री जी से मैं ऐसी आशा नहीं कर रहा था, लेकिन जिस समय शायद वे मुरादाबाद गए हुए थे, उस समय उन्होंने बोला कि आप लोगों के जन-धन एकाउंट्स में जो पैसा जमा करवाया गया है, उसको वापस मत करिएगा। एक तरफ आप कहते हैं कि हम देश से भ्रष्टाचार को, काले धन को खत्म करना चाहते हैं और दूसरी तरफ आप लोगों को इस तरह की बात सिखा रहे हैं? मेरी समझ में यह बात नहीं आई। मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी को हमेशा इलेक्शन मोड में नहीं रहना चाहिए। मैं जानता हूं कि अगर प्रधान मंत्री जी यहां खड़े होकर बोलेंगे, तो इस तरह की बात कभी नहीं बोलेंगे, लेकिन जब वे बाहर रहते हैं तो उत्तेजना में न जाने क्या-क्या बोल जाते हैं। मुझे नहीं मालूम कि बाद में वे उन बातों पर सोचते भी हैं या नहीं सोचते। जन-धन एकाउंट के बारे में लोगों ने सोचा होगा कि इस सरकार ने हम लोगों को यह मौका दिया है। अब आप लोग ही निर्णय लेंगे कि आगे चलकर जन-धन एकाउंट वालों के खिलाफ आप क्या कार्यवाही करेंगे?

[श्री नीरज शेखर]

अभी हमने एक चीज़ और पढ़ी है कि आप लोग 18 लाख लोगों को इन्कम टैक्स के नोटिसेज़ भेजने वाले हैं, जिनके एकाउंट में एक लिमिट से ज्यादा पैसे जमा हुए हैं। मुझे नहीं पता कि 18 लाख लोगों को नोटिसेज़ भेजने के लिए इतनी manpower कहां से आएगी, इसके बारे में तो आप लोगों को ही पता होगा।

महोदय, मैं नोटबंदी पर भी जरूर कुछ कहना चाहूंगा, क्योंकि हम लोगों को पिछले सेशन में इस विषय पर बोलने का मौका नहीं मिला था।

एक माननी सदस्यः चेंज करने का मौका नहीं मिला?

श्री नीरज शेखरः चेंज करने का मौका आप लोगों ने जिनको देना था, जिनकी सरकार है, अडानी और अम्बानी की सरकार है, उनको आप लोगों ने मौका दे दिया है और वे लोग चेंज कराकर आप लोगों को दे रहे हैं। यह बात सबको पता है। उत्तर प्रदेश के चुनाव में कौन पैसा खर्च कर रहा है, हम लोगों को पता चल रहा है, इसलिए आप ज्यादा मत बोलिए और अपनी पोल मत खोलिए। आपको समझ में आया?

मैं demonetization पर यह कहना चाहता हूँ, उस दिन तो मैंने प्रधान मंत्री जी का भाषण नहीं सुना, लेकिन बाद में समाचारों में मैंने सुना। उन्होंने कहा कि रात्रि 12.00 बजे के बाद ये नोट रद्दी का टुकड़ा हो जाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि Demonetisation को मैं इसलिए ला रहा हूं कि इससे आतंकवाद में कमी होगी, काला धन खत्म हो जाएगा, उग्रवाद, नक्सलवाद खत्म हो जाएगा, नकली नोट खत्म हो जाएंगे। मुझे आश्चर्य है, पिछली बार भी मुझे किसी ने बताया था या सदन में ही मैंने यह सुना था कि नकली नोट तो बस 400 करोड़ ही हैं और इन्होंने अपने जवाब में यह कहा था कि ये 0.02 per cent of total currency हैं।

महोदय, मैं वित्त मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि जितनी fake money आई, उसमें से कितनी पकड़ी गई? कितनी counterfiet money पकड़ी गई? आप लोग तो बैंकों में गए नहीं होंगे, लेकिन मुझे जाना पड़ता है। एक बार जब मैं बैंक गया और जब मैं अपने पैसे ले रहा था, तो देख रहा था कि नकली नोट की कोई चेकिंग नहीं हो रही है, ऐसे ही वे नोट ले रहे हैं। जब पहले हम बैंक में पैसा जमा करवाने जाते थे, तो वे लोग एक-एक नोट चेक करते थे कि कहीं कोई नकली नोट तो नहीं आ गया। चूंकि इस समय बैंकों पर इतना प्रैशर है, इसलिए वे बिना चेक किए ही नोट लिए जा रहे हैं। जब सारी करेंसी एक साथ मिल जाएगी, तो बाद में यह तय नहीं हो पाएगा कि वे नोट तोमर जी ने जमा किए, अनन्त जी ने किए या नीरज शेखर ने किए। जब सारी करेंसी एक साथ मिल जाएगी, तो बाद में यह पता नहीं चल सकेगा कि उसमें fake money कितनी आई। हम लोगों को पता तो चले कि कितनी करेंसी बैंकों में डिपॉज़िट हुई है।

पहले हर हफ्ते टीवी पर यह बताया जा रहा था। 15 नवम्बर को टीवी में आया कि बैंकों में इतना पैसा जमा हो गया है, लेकिन 10 दिसम्बर या 23 दिसम्बर के बाद से अब तक कोई आंकड़े नहीं आ रहे हैं। क्या आपसे यह केल्कुलेट ही नहीं हो पा रहा है कि अब तक कितना पैसा आया है? अगर आपके पास आंकड़े आ गए हों तो मुझे बताएं। मुझे पता नहीं है कि बैंकों के पास कितना पैसा वापस आया है।

साथ ही हम यह जानना चाहते हैं कि कितना पैसा आपने नये नोटों के रूप में दिया है? उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी श्री गुलाम नबी आज़ाद जी ने कहा कि नोटबन्दी के आदेशों को 80 से 100 बार बदला गया। नोटबन्दी के संबंध में प्रधान मंत्री जी के भाषण में यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 50 दिन के बाद, यह देश जो सजा उन्हें देना चाहे, दे, लेकिन 50 दिन का समय उन्हें जरूर दिया जाए। अब 50 दिन तो हो गए। प्रधान मंत्री जी भी जानते हैं कि उन्हें कौन सजा देने वाला है, लेकिन देश का प्रधान मंत्री जो बोलता है, उसके बारे में जनता सोचती है कि वे इस बारे में वचनबद्ध हैं। वे जो बोलेंगे, वह जरूर कर के दिखाएंगे। ...**(व्यवधान)**... वही मैं कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**... मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं, वह बिल्कुल हो रहा है। मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि 30 तारीख तक यदि कोई, किसी कारण से अपने रुपए बैंक में जमा नहीं करा पाए, तो वह 31 मार्च, 2017 तक आरबीआई में जमा करा सकता है। यदि आप 2.50 लाख रुपए से कम जमा करेंगे, तो आपसे कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। इस बारे में सूचना हर पेट्रोल पम्प पर लगी हुई है। मुझे तो आश्चर्य है कि इसे प्रचारित करने पर कितना भारी धन खर्च किया गया है। इसके बावजूद अब उन्हें दंडित करने की बात कही जा रही है कि जितना भी पैसा आपने जमा कराया है, उस सबकी इन्क्वायरी होगी।

महोदय, पहले कहा गया कि जो गृहिणी है, यदि वह अपने पैसे बैंक में जमा कराती है, तो उसकी जांच नहीं होगी, लेकिन अब उसकी भी जांच किए जाने की बात कही जा रही है। आप लोगों ने नोटबन्दी कर के एक बात तो जरूर की है कि इस देश की जितनी भी गृहणियां हैं, वे आपसे नाराज हो गई हैं, क्योंकि जो स्त्री धन होता है, जिस धन को वह अपने पति से छिपाकर, घर खर्च से बचाकर रखती हैं, उसे आपने उजागर करने पर विवश कर दिया है और इस कारण उन्हें आपने अपना दुश्मन बना लिया है।

महोदय, प्रधान मंत्री, इस बात को नहीं समझ सकते, इसलिए यह बात मैं उनके लिए नहीं कह रहा हूं, लेकिन आप लोग विवाहित और बाल-बच्चे वाले हैं, आप तो इसे अच्छी तरह से समझते हैं। स्त्री धन वह पैसा है, जिसे स्त्री अपने पास जमा करती थी, जिसे वह अपने पति को कभी नहीं बताती थी, अब उसे बताना पड़ रहा है। आप ट्रांसपेरेंसी और कीजिए। मैं ट्रांसपेरेंसी करने के विरुद्ध नहीं हूं। ट्रांसपेरेंसी हर तरह से होनी चाहिए। मेरा कहना यही है कि लोगों को बताइए कि कितना पैसा आया, इस बारे में आप ट्रांसपेरेंसी कीजिए। आपने कहा था कि आरबीआई में 31 मार्च, 2017 तक पैसा जमा करा सकते हैं, लेकिन अब नहीं किया जा रहा है। ऐसा क्यों, क्यों तब तक आरबीआई में पैसा जमा नहीं कराया जा सकता, क्या कारण है, आप अपनी बात से कैसे पलट सकते हैं? रोज नए कानून आ जाते हैं कि अब नहीं कर सकते, 30 तारीख तक यह करना है और 31 तारीख तक यह करना है। यह क्या है? हर बार आप नया कानून ले आते हैं। यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि यह सरकार क्या करना चाहती है? अगर आप लोगों ने तय किया था कि मैं डिमॉनेटाइजेशन करना है, तो आपने उसका कोई फॉर्मूला बनाया होगा, लेकिन मुझे पता नहीं आपने इसे किस-किस को बताया होगा। आप जैसे विद्वान लोग थे, तभी इस देश की यह हालत हुई है कि नोटबन्दी के बाद देश भर में लाइन में लगे हुए लोगों में से 135 लोग मर गए और इस देश की यह दुर्दशा हुई है।

महोदय, मुझे इस बात का आश्चर्य है कि तर्क दिया जाता है कि इस देश के लोग हमारे साथ हैं। क्या कहीं कोई घटना हुई है, आप लोग क्या चाहते थे, क्या आप लोग चाहते थे कि सड़कों पर दंगे हों,

[श्री नीरज शेखर]

बैंकों में जगह-जगह लूटमार हो, क्या आप यह चाहते थे? अगर इस देश का आदमी समझदार है, तो इस पर आप लोगों को दुख हो रहा है। क्या आपको इस बात पर दुख हो रहा है कि इस देश के आदमी ने लड़ाई नहीं की और सब कुछ चुपचाप सहता रहा? जो वेनेजुएला में हुआ, क्या आप यह चाहते थे कि वैसा ही इस देश में भी हो, सड़कों पर लड़ाई हो? मेरी समझ में नहीं आता कि यह तक कौन सा है? मैं आश्चर्य करता हूं कि इतने विद्वान और महापंडित लोग, ऐसी बात कर सकते हैं। अगर इस देश का आदमी समझदार है और अगर वह अपने देश के बारे में सोच रहा है, तो क्या गलत सोच रहा है? अगर वह नहीं चाहता कि नोटबन्दी के कारण देश में मार पीट हो, तो क्या यह गलत है? वह बताएगा, उसका जब समय आएगा, तब वह आपको बताएगा और उसकी सज़ा आपको देगा। मैं कहना चाहता हूं कि आप लोगों को इसका जवाब देना पड़ेगा। आप तो चुप हो गए। अब तो नोटबन्दी के बारे में कोई बात ही नहीं हो रही है। इस सरकार का यह कार्य मेरी समझ से पूरी तरह से बाहर है।

महोदय, अब मैं किसान के बारे में कहना चाहता हूं। इस बात को कोई नहीं उठा रहा है, लेकिन मैं इस बात को बराबर उठाना चाहता हूं कि किसान के बारे में आपने न कभी सोचा है और न कभी सोचेंगे। आप बार-बार कह रहे हैं कि नोटबन्दी की वजह से बुआई ज्यादा हुई और आने वाले समय में इसके कारण फसल ज्यादा होगी। मैं भी मानता हूं कि ज्यादा फसल होगी, लेकिन फिर जो व्हीट पर 10 परसेंट इम्पोर्ट ड्यूटी थी, वह आपने क्यों खत्म कर दी? यह मुझे आज तक समझ में नहीं आया। सरकार ने इसका जवाब नहीं दिया है। जो भी इसका जवाब देगा, उनसे मैं आग्रह करूँगा कि अगर आने वाले समय में व्हीट का उत्पादन बढ़ने वाला है, तो इसमें जो इम्पोर्ट ड्यूटी 10 परसेंट है, उसे आपने खत्म क्यों कर दिया? क्या आप बाहर से मँगाएँगे? इस देश के किसान की जो एमएसपी है, जिसे बढ़ाने के लिए आपने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में कहा था कि ढाई गुना करेंगे, उससे पीछे होकर सुप्रीम कोर्ट में कह दिया कि हम यह कर ही नहीं सकते। तो आप किसानों के साथ क्या-क्या कर रहे हैं? इस किसान के साथ सबसे बड़ा छल आप लोग कर रहे हैं। इस देश के किसान के बारे में कोई सोचता ही नहीं है। कह रहे हैं कि सिंचाई के लिए 5,000 करोड़ था। इस देश में सिंचाई के लिए क्या सिर्फ 5,000 करोड़ चाहिए? सिंचाई तो दूर की बात है, आज तक हम लोग अपने लोगों को पीने का पानी नहीं दे पाए हैं। इसकी बात तो कहीं नहीं है। आज भी देश में लोग आर्सेनिक वाला पानी पी रहे हैं। वह बात तो कहीं नहीं आ रही है! यह नहीं होता है कि पढ़ाई अच्छी कैसे होगी। आज सुबह एक प्रश्न था कि हमारे यहाँ उच्च शिक्षा में अध्यापकों की कमी है, लाखों अध्यापकों की कमी है। उसके बारे में कोई बात नहीं है। वह कहाँ से आएगी? अपने एडवर्टाइज़मेंट में जो पैसा आप खर्च कर रहे हैं, रोज-रोज विज्ञापनों में जो पैसा खर्च कर रहे हैं, वह पैसा उनमें लगाइए और अच्छे अध्यापक लाइए।

मुझे खुशी है कि इस देश के माननीय प्रधान मंत्री जी बलिया गए और वहाँ से उन्होंने 'उज्ज्वला' योजना का शुभारम्भ किया। मैं बार-बार आश्चर्य करता हूँ, जब सब लोग कहते हैं - मुफ्त है, मुफ्त है'। मैं आप लोगों को अपनी जानकारी से कह रहा हूँ कि 1,600 रुपये लिए गए। ...(**व्यवधान**)... अगर मैं असत्य बोल रहा हूँ, तो मुझ पर प्रिविलेज लाइएगा। ...(**व्यवधान**)... आप प्रिविलेज लाइएगा और मैं आप लोगों से माफी माँगूँगा। 1,600-1,600 रुपऐ लिए गए। इसमें मुफ्त क्या है? 3,200 की जगह 1,600 रुपए और उसके बाद जब वह गैस लेगा, तो उसको क्या आप मुफ्त में देंगे? ...(**व्यवधान**)... आप पहले मेरी बात सुन लीजिए, बाद में जवाब दीजिएगा। उसके बाद उसको जो गैस देंगे, तो क्या आप मुफ्त में

देंगे? उसके लिए तो उसे पैसा देना ही होगा। उस दिन भाषण में सुना कि प्रधान मंत्री जी को बड़ा कष्ट था कि जब वे वहाँ जाते थे, तो अंधेरे में अपनी माँ की शक्ल नहीं देख पाते थे। इसमें मुझे आश्चर्य है। हम लोगों के यहाँ पूर्वांचल में तो चूल्हा ऐसी जगह नहीं होता है। चूल्हा तो ऐसी जगह होता है, जहाँ से धुआँ बाहर निकल जाए। वहाँ पूरा ऐसा होता है। ऐसे कोई कोठरी में चूल्हा नहीं बनता है। इस देश के जितने समझदार लोग हैं, वे चूल्हा एक बंद कमरे में नहीं बनाएँगे। लेकिन अलग-अलग चीज़ें हैं।

माननीय प्रधान मंत्री जी की विदेश नीति के बारे में बड़ी तारीफ की गई। प्रधान मंत्री जी ऐसे विदेश गए, सारे देशों में गए, हमारे प्रधान मंत्री जी पाकिस्तान भी गए। माननीय गुलाम नबी आज़ाद जी ने बताया, आज तक हमारे 82 जवान मारे गए हैं। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद जो घटनाएँ हुई हैं, उनमें सबसे ज्यादा जवान मारे गए हैं। आपने कहा नोटबंदी से cross border insurgence बंद होंगे, लेकिन वे ज्यादा बढ़ गये हैं। आप जानते हैं कि आज ओडिशा में क्या हुआ है। मेरे ख्याल से आप लोगों ने खबर पढ़ी होगी कि वहाँ नक्सलियों ने क्या किया है। उसमें एक महीने का ठहराव हुआ और बाकी फिर से वही स्थिति है। काले धन का तो हम लोग इंतजार कर रहे हैं, पूरा देश इंतजार कर रहा है कि काला धन कब आएगा। जो 15 लाख करोड़ था और सुना था तथा आपने एफिडेविट दिया था कि 15 लाख करोड़ में से बस 10 लाख करोड़ बैंकों में आएगा, लेकिन 15 लाख करोड़ का 15 लाख करोड़ आ गया, तो इसका मतलब इस देश में काला धन तो नहीं है। हर बार जब ऐसी इनकी योजन फेल हो जाती है, तो उसके बाद ये एक नयी योजना ले आते हैं।

अब एक और योजना के बारे में कहा गया है। मैं उसका नाम भूल जाता हूं। इतने नाम हैं कि आदमी कन्फ्यूज़ हो जाता है। उसका नाम 'गरीब कल्याण' योजना है। आप जो डिक्लेयर करेंगे, मैं जानना चाहूँगा कि उसमें कितना डिक्लेयर हुआ? मैं जानना चाहूँगा कि 'गरीब कल्याण' में कितना डिक्लेयर हुआ, जो आप करेंगे? 50 परसेंट ले लिया जाएगा, 25 परसेंट रोक दिया जाएगा। इस देश का आदमी तो यहीं confused है। बेचारा calculation ही कर रहा है। सुबह अखबार उठाता है, तो वह calculation करने लगता है। मैं आग्रह करना चाहूँगा कि आप इन सब चीज़ों को देखें, सिर्फ स्लोगन मत दें, अपना काम करें। इस देश को स्लोगन और भाषण से ज्यादा काम की जरूरत है। आप लोग हर चीज़ में अपने को बढ़ा कर बताते हैं कि हम ये-ये कह रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि रविं शकर प्रसाद जी ने करप्शन पर आकाश-पाताल सब एक कर दिया था। यह Transparency Internationl की रिपोर्ट है, जिसके अनुसार 2014-15 में हम लोग 76वें स्थान पर थे और 2015-16 में 79वें स्थान पर आ गए हैं। इसका क्या मतलब हुआ? इसका मतलब यह हुआ कि इस देश में करप्शन बढ़ रहा है। जितना करप्शन 2014-15 में था, उससे बढ़ रहा है। हम लोग बोलेंगे, तो आप लोग उसको मानेंगे नहीं, क्योंकि आप लोग तो भगवान के अवतरित हैं, सब लोग नागपुर से शिक्षा लेकर आए हैं, इसलिए आप लोग करप्शन के बारे में तो जानते ही नहीं हैं, बस इधर के लोग जानते हैं, उधर के लोग तो करप्शन के बारे में जानते ही नहीं हैं। उनको समझ ही नहीं आता है। ...(**समय की घंटी**)... सर, हमारी पार्टी का 54 मिनट का समय है और हमारी पार्टी के दो वक्ता हैं, आगे वाले वक्ता थोड़ा कम बोल लेंगे।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आपके और साथी भी बोलने वाले हैं।

श्री नीरज शेखर: सर, हमारी पार्टी से एक और साथी बोलने वाले हैं। 'डिजिटल इडिया' के बारे में कहा जाता है। अब सारा देश डिजिटल होने वाला है, बिल्कुल हो गया, प्रधान मंत्री जी ने बोल दिया,

[श्री नीरज शेखर]

तो हो गया। जो प्रधान मंत्री जी बोल देते हैं, वह हो जाता है। हो गया, योगा हम सब लोगों ने सीख लिया, 'स्वच्छ भारत' हो गया, 'स्टैंड अप इंडिया' हो गया, 'मेक इन इंडिया' हो गया, 'स्टार्ट अप इंडिया' हो गया, 'स्किल इंडिया' हो गया, सब कुछ हो चुका है। अब नया है 'डिजिटल इडिया'। 'डिजिटल इडिया' के बारे में अभी तक मुझे नहीं समझ में आया है, मैं बलिया का हूँ, दिल्ली में पढ़ाई जरूर की है, लेकिन बलिया का हूँ, अभी तक मुझे समझ में नहीं आया है। किसी एक साथी से समय लेकर सीखूंगा कि कैसे 'डिजीटल इंडिया' होगा? अगर मैं गलत नहीं हूँ, तो पूरी दुनिया में एक ही देश ऐसा है, जो पूरी तरह से कैशलैस और डिजिटल है और वह है स्वीडन। वहां इंटरनेट कनेक्टिविटी 100 परसेंट है और वहां पर सारे लोग पढ़े-लिखे हैं। इस देश में वह कैसे होगा, मैं यह जानना चाहूंगा। पता नहीं, हमारे वित्त मंत्री जी कभी बलिया गए हैं या नहीं, कभी छपरा गए हैं या नहीं, कभी चम्पारण गए हैं या नहीं, कभी कालाहांडी गए हैं या नहीं, कभी बोलांगीर गए हैं या नहीं, कभी छत्तीसगढ़ गए हैं या नहीं? इस देश को पहले जानिए, फिर बोलिए कि 'डिजिटल इडिया' हो जाएगा। मेरी समझ में नहीं आता कि ये किस कल्पना में जी रहे हैं? मैं तो हमेशा यह बात कहता हूँ। मुझे तो लगता है कि प्रधान मंत्री जी इस देश की वास्तविकता जानते हैं या नहीं जानते हैं? 15 साल तक वे मुख्य मंत्री रहे हैं और अब ढाई साल से प्रधान मंत्री हैं, तो इस प्रकार से वे 17 साल से जनता से दूर हैं। बताइए, जब वे मुख्य मंत्री थे, तब भी वे रोड से गए और किसी को रोक कर कुछ पूछा? वे हेलिकॉप्टर से गए होंगे, भाषण दिया होगा, फिर गांधीनगर आ गए होंगे। वे बताएं कि क्या वे कभी किसी गांव में गए, किसी गरीब के यहां गए? वहां जाकर किसी से पूछा कि तुम्हें क्या तकलीफ है?

श्री शंकरभाई एन. वेगड़ (गुजरात)ः वह गरीब के घर में पैदा हुआ है।

श्री नीरज शेखरः गरीब के घर में सब पैदा होते हैं। इस देश के जो बड़े-बड़े उद्योगपति हैं, वे चाल में रहते थे। इस देश के जो सबसे अमीर आदमी हैं, वे चाल में रहते थे, आज 5,500 करोड़ का उनका घर है। आप मुझे मत सिखाइए कि क्या है। अपनी पिछली जिन्दगी को भूल जाने के लिए 18 साल बहुत समय होता है। आपको आज जाकर देखना पड़ेगा कि इस देश में क्या हालत है, इस देश में गरीब कैसे रह रहा है। ऐसे ही सिर्फ भाषण दे देने से नहीं हो जाएगा कि मैं इस देश को जानता हूँ। इस देश के एक-एक गाँव में चल कर जाना पड़ेगा और गाँव के लोगों की तकलीफ को समझना पड़ेगा, सिर्फ भाषण देने से नहीं होगा।

सर, मैं किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं कर रहा हूँ, बल्कि मैं यह कह रहा हूँ कि आप लोग समझिए, इस देश को जानिए, ऐसे डिजिटल नहीं हो जाएगा। डिजिटल होने के लिए आप लोगों को और काम करना पड़ेगा। इस देश के लोगों को शिक्षित करना पड़ेगा। हम लोग अपने देश के लोगों को पानी नहीं दे पाए और हम लोग डिजिटल होने की बात करते हैं। मुझे आश्चर्य है, मैंने लोक सभा में प्रधान मंत्री जी का एक भाषण सुना था, उसमें उन्होंने कहा था कि हमने 18 हजार गावों को बिजली दे दी।

श्री शंकरभाई एन. वेगड़ः आप गलत बोल रहे हैं, इसमें इनका भाषण नहीं है।

श्री नीरज शेखरः मैं इसके बारे में बात नहीं कर रहा हूँ, बल्कि मैं प्रधान मंत्री जी द्वारा लोक सभा में दिए गए एक भाषण के बारे में बात कर रहा हूँ। उन्होंने उसमें बोला था कि हमने सरकार में आने के बाद 18 हजार गांवों को बिजली दी है।

एक माननीय सदस्यः यह टारगेट है।

श्री नीरज शेखरः टारगेट नहीं, बल्कि उन्होंने ऐसा कहा था। आप फिर से वह भाषण सुनिएगा, जिसमें उन्होंने 'मनरेगा' पर टिप्पणी की थी। आप फिर से उस भाषण को सुनिए, ऐसा उन्होंने वहां कहा था? ...(**व्यवधान**)... चलिए, मैं 18,000 मान लेता हूं जबकि आपने 11,000 कर दिया। ...(**व्यवधान**)... वह काम किसके द्वारा हुआ है। वह राजीव गांधी विद्युतीकरण कार्यक्रम पहले से चल रहा है। आपने दीनदयाल उपाध्याय योजना में कितना पैसा दिया है? मैं आश्चर्य करता हूं कि आप कोई भी भाषण दे देते हैं और हम सुनते जाते हैं। मैं यही कहता हूं कि आप अपने बच्चों को सिखाइए कि वे प्रश्न कर सकें, इस देश की कार्यपालिका, न्यायपालिका या सेना, जिससे भी प्रश्न करना चाहें, वे प्रश्न कर सकें। मैं चाहता हूं कि देश में ऐसे हालात बनें, लेकिन आप कोई प्रश्न नहीं चाहते हैं, ...(**व्यवधान**)... प्रधान मंत्री जी ने बोल दिया, अगर आप उनसे प्रश्न करेंगे तो आप देशद्रोही बन जाएंगे। ...(**व्यवधान**)... हमने इतनी गालियां सुनीं ...(**व्यवधान**)... मुझे एक गाना पसंद आया जो नोटबंदी पर था। वह था कि क्यों देश लाइन में खड़ा है? मेरा फेसबुक तो चला नहीं, मैं सिर्फ अपलोड करना जानता हूं और मैंने उसे अपलोड कर दिया। मैं यहां कोई नाम नहीं लेना चाहता लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि आप लोगों ने क्या कोई टीम यह काम करने के लिए रखी हुई है? मुझे इस बात का आश्चर्य है। अभी माननीय मंत्री जी कह रहे थे कि बड़े दिल का बनिए। आप लोगों को बड़े दिल का बनने की आवश्यकता है। अभी सहस्रबुद्धे जी कह रहे थे कि हम लोग लाल बत्ती और घर के लिए नहीं आए हैं। आप लोगों ने सबसे बड़ा काम जो आने के बाद किया, वह यही किया कि सबसे घर खाली कराओ, सबसे बड़े घर में हम लोग रहेंगे, चाहे फर्स्ट टर्म का हो या सैकेंड टर्म का हो, वे नहीं। पहले हम लोग रहेंगे और लाल बत्ती में चलेंगे। आज मैं यह देखकर हैरान होता हूं कि किसके घरों पर ज्यादा बैरिकेडिंग है? मैं समझता हूं कि जो लोग पहले सिद्धांत की बात करते थे, आज सबसे ज्यादा सिक्योरिटी उनके साथ चल रही है। इसलिए सिद्धांत दूसरों पर ही नहीं, अपने ऊपर भी लागू करिए।

मैंने समय ज्यादा ले लिया। मैं आप सब लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मेरी बात सुनी। कुछ टिप्पणियां हुईं, लेकिन मैं अंत में, माननीय राष्ट्रपति जी से आग्रह करूंगा और इस सदन से भी आग्रह करूंगा कि माननीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण न हो और प्रधान मंत्री जी का भाषण हो, ऐसा हो। धन्यवाद। जय हिन्द।

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): I pray hon. Amma to give me the strength to discharge my duties faithfully and sincerely and guide me in all my endeavours. Hon. Amma is more than the God to me. I invoke her blessings before commencing my speech on the Motion of Thanks on the President's Address.

I thank His Excellency the President for his fine speech delivered in the Joint Session of Parliament. The speech deals with many aspects of India. We are very happy to note that our India is making progress. There is no doubt about it. The AIADMK also joins the Central Government in making the progress.

[Shri A. Navaneethakrishan]

In the course of his speech, His Excellency the President has referred to the centenary year of great leaders of India. But no mention has been made of a very popular leader, *Puratchi Thalaivar, Makkal Thilagam,* Dr. M. G. Ramachandran. This year is the centenary year of MGR. Of course, the Central Government released postal stamps. We thank the Central Government for that. But that is not sufficient. The AIADMK is celebrating the centenary year of MGR under the able and dynamic leadership of hon. Chinamma, our General Secretary of AIADMK. The Central Government must also allocate sufficient funds and celebrate the centenary year of MGR in a fitting manner. I think MGR and Amma are the most popular leaders of our nation. MGR cannot be forgotten. So, very humbly, I request the Central Government to celebrate the centenary year of MGR in an appropriate and befitting manner.

Then, I thank our hon. Foreign Minister for saving our national honour. She has made Amazon to apologise or to express regret. So, I thank the hon. Foreign Minister. With regard to Jallikattu, at the risk of repetition, we thank the hon. Prime Minister, the Home Minister, the Finance Minister, the Law Minister and the learned Attorney General, who intervened appropriately and took all legal steps to see that Jallikattu is conducted very smoothly in Tamil Nadu. I request the Central Government on a very sensitive issue which is there in Tamil Nadu, that is called NEET. In Tamil Nadu, there is no competitive examination to admit students in professional colleges like MBBS, BE, etc. Hon. Amma had given many memoranda to our Prime Minister to see that NEET is not implemented or imposed in Tamil Nadu. This kind of examination cannot be successfully faced by rural students and also poor students. Now, in our State, we have made a special enactment by which there is no competitive examination for admission to professional colleges. But, last year, the Central Government had given one-year exemption to Tamil Nadu from NEET. But, that exemption is not sufficient. Permanently, Tamil Nadu must be exempted from NEET. The reason is very simple. The syllabus for NEET is CBSE-based whereas we are following State Board syllabus. The questions based on CBSE syllabus cannot be answered by the students who have studied under the State Board. So, it is a natural thing. It is against natural justice. Of course, now, the Central Government has announced that NEET examination can be written in Tamil. But, that is not sufficient. So, again, like Jallikattu, I urge the Central Government to do the needful. A Bill has been passed by the Tamil Nadu Legislature seeking exemption from NEET examination with regard to admission to professional colleges. So, it must be followed up by the Central Government and appropriate legal measures and steps must be taken by the Central Government. It is a highly sensitive issue. Now, Tamil Nadu fully knows as to what is happening throughout

the world. They are making use of the latest technologies for achieving their goals. So, at the risk of repetition, I urge the Central Government that appropriate legal steps must be taken to get the Presidential assent to the Bill passed by the Tamil Nadu Legislature seeking exemption from NEET.

With regard to Bhavani River, now the Kerala Government is going ahead with construction. Of course, the Tamil Nadu Government has moved the Supreme Court but the Central Government must intervene and do the needful. Now, entire Tamil Nadu is suffering from drought. Our Government has also declared the entire State as a drought State but the Cauvery Management Board must be constituted by the Central Government. It is in the hands of the Central Government. If water is released from Karnataka and water is flown into the river, there will be some relief to the farmers of Tamil Nadu. That must be done at an earliest point of time.

Also, with regard to the fishermen issue, I would like to submit that to find out a permanent solution, Kachchatheevu must be retrieved permanently from the hands of Sri Lanka. Our hon. Amma already moved to Supreme Court for filing a writ declaring that cessation of Kachchatheevu to Sri Lanka is unconstitutional so the Central Government must take appropriate steps to see that the fishermen issue must be settled permanently and Kachchatheevu must be retrieved.

With regard to laying of GAIL gas pipeline in Coimbatore and Erode districts, the GAIL is invoking provisions of a certain Act. That is not correct because the farmers are losing their land and they are unnecessarily burdened with many consequences. Not only are they losing the land but there are other consequences also. Hon. Amma had taken all legal steps but the desired effect is yet to be achieved. So, my humble request to the Central Government is that the GAIL gas pipeline must be realigned so as not to affect the farmers of the Tamil Nadu. It is also another sensitive issue. Now, people cannot be satisfied with what the courts say or what we politicians say. They must get justice because unless and until they achieve their goal, until they get satisfaction from the efforts of the Government, they will not allow the Government to function. It is a ground reality. I humbly urge and request the Central Government that the laying of GAIL gas pipeline should not affect the Tamil Nadu farmers. Appropriate steps must be taken.

Our hon. Chief Minister has also given a memorandum to our hon. Prime Minister seeking many reliefs, especially, the compensation for the damages suffered by Tamil Nadu due to Vardah cyclone and also drought conditions at other places. I urge the Central Government to release the funds as early as possible. The entire amount which has been

[Shri A. Navaneethakrishan]

sought by the hon. Chief Minister, to the extent possible, must be released immediately. Otherwise the people of entire Tamil Nadu are now suffering. Some relief may be given by the Central Government. Though our hon. Amma is not with us but AIADMK is ruling Tamil Nadu. We are still having the rule of hon. Amma under the able and dynamic leadership of hon. Chinamma, the General Secretary of AIADMK. The State of Tamil Nadu will continue to be number one State in the whole of India. Thank you.

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, before I make any points on the Motion of Thanks on the President's Address, we would like to sincerely acknowledge our hon. *Rashtrapatiji;* we start with an appreciation for him. He had been known to us from the time he was a Political Science professor in Vidyasagar College in South 24 Parganas. Now, 52 years later, he is our hon. *Rashtrapatiji* with a wealth of experience. We wish him happiness, we wish him health and good luck in whatever he does because as we know, in this term, this will be the last time he addressed the Joint Session of Parliament. Sir, the speaker, who moved the Motion, on behalf of the Government started off with telling us about Yoga, which we think is a very nice way to start his speech. And, after that, he went on to tell us some wonderful stories about little known people who have won the *Padma Shri* and how the Government had found these people and awarded them with the *Padma Shri.* They are not celebrities. They are kind of unknown people who had done good work. In that same tone, I wish to enlighten this House about a few more unknown people with three or four little stories before I get down to the main points of my speech.

Sir, Sudarsin Surin lives in Marangabahal Village in Odisha. Sir, when his two year old son fell ill, he took his son on a bicycle and travelled 7 kilometres to reach the Meghapal hospital. On reaching there, the doctors advised him to take his child to Sambalpur hospital which was about 40 kilometres away from Meghapal as the baby was critical. Sir, he asked the auto-rickshaw drivers to take him there but he only had 500-rupee notes with him. After three hours, sadly, the baby succumbed to his injuries. Sir, there are many stories like this. Sir, there is one Komali, an 18 months old baby. The parents didn't have the new currency to buy medicines and the private hospital in Andhra Pradesh — it is not about Andhra Pradesh alone, it is across the country but this particular incident was in Andhra Pradesh — refused to accept old currency notes. Komali is now no more with us. Suresh was of 18 years from Uttar Pradesh. He was a B.Sc. 2nd Year student. He hanged himself. Why? Because he could not withdraw money to pay the college examination fees. Take the case of Noel Topno in West Bengal. Suresh was 18 years old while Noel Topno was 52 years old. He was the Chief Manager of a Central Bank of India branch. He lost consciousness and he had a cardiac arrest while he was working.

5.00 P.M.

Sir, I ask this Government, they don't have to give *Padma Shris* for these families, *Padma Shri* is not required, but one minute silence, at least, in Parliament, in Lok Sabha and Rajya Sabha! 120 people or some people say 135 people have died. My party, The Trinamool Congress, from day one has been very clear on our views within 50 minutes of the hon. Prime Minister finishing his speech on November the 8th and I use the word historic because history has two sides. History can be good and history can be bad. So, it was historic. No doubt about it. So, this list has been compiled. The media has this list of 120 deaths. Sir, no *Padma Shri* but one minute silence. But, the question is: Has the Government even acknowledged these deaths? Have they expressed any condolences for these deaths? Have they told us in November, December and January, how these deaths will be prevented? What measures did they take? Sir, in a situation like this, it cannot be business as usual. It cannot and it must not be business as usual. We have been focussing on the pains of demonetisation and that is why, Sir, today, I will be sticking only to the President's Address. Fifty six seems to be a favourite number of this Government. In terms of 56 or *chappan,* I am only sticking to 55 because this is Para 55 on page 11, in the 4,902 words of the Presidential Address, which refers to demonetisation in about eight or nine lines.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair)*

We are asking for withdrawal of deposit limits. Sir, yesterday, the Finance Minister made a speech. We did not come from our party to listen to his speech, nor did we come the previous day because we believe and our point was that for demonetisation, Parliament was ignored and that was our way of stating over the last two days that you people don't need Parliament because you have a one-man band. To quot from the Finance Minister's speech — and I am going back to Para 55 of the President's speech — the Finance Minister said, 'a trusted custodian of public money.' That is the Government's role. I ask, Sir, are you the only trusted custodian of the public money because you are not allowing the public to withdraw their private money for which they pay tax? So we appeal and urge upon this Government to please stay away from platitudes. From tomorrow or Monday, please stop all the restrictions that you have placed on the withdrawal limit. One thing got confirmed after the speech, in this booklet of about 4,000 words, and the Finance Minister's speech. The good thing, at least, which the Government has confirmed is that demonetisation has not worked because if it had worked, they would have given us some numbers. They would have

